संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......

25 फरवरी 2025, मंगलवार

पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 07, अंक - 146

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## विधानसभा अध्यक्ष साँवतेय ञापामेना सिराmमंत्री



**रांची।** झारखंड विधानसभा रेयाक् बजट सत्र दो़ एहो़प् आकाना। सत्र एहो़बो़क् लाहा विधानसभा रे मेनाक् स्पीकर कक्ष रे विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो साँवते सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़य ञापाम एना। नोआओ़कते सिरा़मंत्री दो़ विधानसभा अध्यक्ष बाहा थुपला़क् एमाय तुलुच्एञापाम एना।

# बाबा बैद्यनाथ और मां पार्वती मंदिर से उतारे गए पंचशूल

## आस्था और भक्ति का उमड़ा सैलाब, गठबंधन का धागा लेने की मची होड़





**शेखर सुमन**

**देवघर ।** महाशिवरात्रि के महापर्व से दो दिन पूर्व, एकादशी तिथि पर बाबा बैद्यनाथ और मां पार्वती मंदिर के शिखर से पंचशूल उतारे गए। इस ऐतिहासिक और पवित्र अनुष्ठान के दौरान मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। भक्तों में पंचशूल को स्पर्श करने और सिर से लगाने की होड़ मच गई। मान्यता है कि पंचशूल का स्पर्श करने से भक्तों को अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### पंचशूल उतारने की दिव्य परंपरा

बाबा बैद्यनाथ धाम में पंचशूल को उतारने की परंपरा सदियों पुरानी है। हर साल महाशिवरात्रि से पहले यह अनुष्ठान विधिपूर्वक किया जाता है। सोमवार को जब मंदिर के शिखर से पंचशूल उतारे गए, तो पूरे मंदिर परिसर में 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारे गूंज उठे। श्रद्धालु भक्तिभाव में लीन होकर पंचशूल को छूने और नमन करने के लिए उमड़ पड़े। पंचशूलों को उतारने के बाद उन्हें मंदिर के गर्भगृह में रखा गया, जहां उनकी विशेष सफाई और पूजन किया गया। इसके बाद इन्हें विशेष पूजा-अर्चना के लिए तैयार किया गया।

### गठबंधन खोलने के लिए उमड़ी भीड़

पंचशूलों को उतारने के बाद बाबा बैद्यनाथ और मां पार्वती के मंदिरों के बीच बंधे गठबंधन को खोला गया। इस गठबंधन को अखंड सुहाग, अटूट प्रेम और शुभता का प्रतीक माना जाता है। वर्षभर यह गठबंधन मंदिरों के शिखर पर बंधा रहता है और केवल महाशिवरात्रि के अवसर पर इसे खोला जाता है। गठबंधन का धागा पाने के लिए भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। भक्तों की मान्यता है कि इस पवित्र धागे को धारण करने से वैवाहिक जीवन सुखमय और समृद्ध बनता है। महिलाएं इस धागे को अपने सुहाग की रक्षा के लिए पूज्य मानती हैं, जबकि पुरुष इसे जीवन में सफलता और समृद्धि के प्रतीक के रूप में स्वीकार करते हैं।

### भक्ति और श्रद्धा से गूंज उठा परिसर

सोमवार को पंचशूल उतारने और गठबंधन खोलने के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से भर गया। शिवभक्तों की आंखों में आस्था का तेज और श्रद्धा का अद्भुत संचार देखा गया। भक्तों ने पंचशूलों को स्पर्श कर अपनी मनोकामनाएं शिव को अर्पित कीं और भगवान बैद्यनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

भंडारी परिवार की अगुवाई में संपन्न हुआ अनुष्ठान

बैद्यनाथ मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने बताया कि पंचशूल उतारने की यह परंपरा मंदिर के भंडारी परिवार की अगुवाई में संपन्न हुई। भंडारियों की टोली ने मंदिर के सरदार पंडा गुलाबनंद ओझा की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान से पंचशूलों को उतारा। इस दौरान मंत्रोच्चारण और तांत्रिक विधियों के साथ पूरे अनुष्ठान को संपन्न किया गया।

### आज होगी पंचशूलों की विशेष पूजा

मंदिर प्रशासन ने बताया कि मंगलवार को पंचशूलों की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिर कार्यालय के राधाकृष्ण मंदिर के बरामदे में यह पूजा तांत्रिक विधियों के साथ संपन्न होगी। करीब एक घंटे की पूजा और आरती के बाद पंचशूलों को पुनः गणेश मंदिर से लाकर मंदिर के शिखर पर स्थापित किया जाएगा।

### महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर प्रशासन तैयार

महाशिवरात्रि के महापर्व को लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम में भव्य तैयारियां की जा रही हैं। लाखों श्रद्धालु इस विशेष अवसर पर मंदिर पहुंचेंगे, जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि दर्शन व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### श्रद्धा और भक्ति का अनमोल संगम

बाबा बैद्यनाथ और मां पार्वती मंदिर में पंचशूल उतारने और गठबंधन खोलने की यह परंपरा केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि श्रद्धा और भक्ति का अद्वितीय संगम है। भक्तों की आस्था और विश्वास इस अनुष्ठान को और भी दिव्य बना देते हैं। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालु भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उमड़ते हैं, जिससे पूरा देवघर शिवमय हो जाता है।

## बासुकीनाथ मंदिर के शीर्ष पर स्थापित पंचशूल-त्रिशूल, कलश व ध्वज को उतारा गया



**जरमुंडी ।** प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर सोमवार को भगवान नागेश मंदिर के शीर्ष पर स्थापित भोलेनाथ का त्रिशूल,पंचशूल को उतारा गया। बासुकीनाथ मंदिर के गुंबद से उतारे गए त्रिशूल-पंचशूल,कलश और रजत पताका को साफ सफाई करने के बाद महाशिवरात्रि के दिश विशेष पूजा के पश्चात पुनः स्थापित किया जाएगा। यहां बता दें कि बासुकीनाथ मंदिर के गुंबद से उतारे गए त्रिशूल आदि शिव आयुधों को आगामी 26 फरवरी बुधवार की दोपहर को बाबा मंदिर के गर्भगृह में होनेवाली विशेष पूजा के दौरान पुरोहितों द्वारा मुख्य यजमान से पूजा कराई जाएगी। इस विशेष पूजा अर्चना के दौरान मुख्य अजवाइन से महाशिवरात्रि के लिए संकल्प कराकर ध्वजदान और गठबंधन कराया जाता है। इसके बाद मंदिर कर्मियों द्वारा त्रिशूल और पंचशूल तथा कलश आदि को पुनः मंदिर के शीर्ष गुंबद पर स्थापित किया जाता है। सोमवार को उतारे गए इन त्रिशूल, पंचशूल एवं कलश को स्पर्श करने और आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

### झारखंड सरकार ने हाईकोर्ट को बताया

# नेता प्रतिपक्ष ना होने से लोकायुक्त सहित अन्य पदों पर नहीं हो पा रही नियुक्ति

**संवाददाता**

**रांची ।** राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेता प्रतिपक्ष का चुनाव नहीं होने के कारण उक्त नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। इसके बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए मार्च माह के अंतिम सप्ताह की तिथि निर्धारित की है। राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद कुछ वर्षों से रिक्त हैं। इन रिक्तियों को भरने को लेकर हाईकोर्ट काफी गंभीर है और कोर्ट ने सरकार को उक्त पदों पर जल्द नियुक्ति का निर्देश




भी दिया है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा नहीं होने के कारण नियुक्तियों पर पेंच फंसा हुआ है।

# मंईयां और अबुआ आवास योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था हुई गतिशील : राज्यपाल

**संवाददाता**

**रांची ।** छठे विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने राज्य सरकार के अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विकसित झारखंड की यात्रा को शुरू कर दिया है। उन्?होंने कहा कि सरकार की इस यात्रा में मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था गतिशिल हुई है। राज्यपाल ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद पहल को बढ़ावा देने के लिए 163 करोड रुपए से रांची के कोर कैपिटल एरिया, धुर्वा में यूनिटी मॉल बनाया जा रहा है। धुर्वा में ही 3.45 एकड़ भूमि पर झारखंड वर्ल्ड ट्रेड सेंटर भी बनाया जा रहा है। इससे राज्य में निर्यात से संबंधित जरूरी आधारभूत



संरचनाओं का विकास, निर्यात की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना की लागत राशि में से 47 करोड़ रुपए राज्य सरकार वहन कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि बेरोजगार युवाओं के लिए इस वित्त वर्ष में 81 भर्ती कैंपों और 63 रोजगार मेलों का आयोजन कर 8499 युवाओं का चयन किया गया है। साथ ही स्किल कॉन्?कलेव का आयोजन कर 21861 प्रशिक्षण लेनेवालों को रोजगार ऑफर किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधवा पुनर्विवाह योजना शुरू की है, जिसके तहत विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह पर दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। राज्यपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपों में 59 कांड दर्ज किए हैं। इसमें कुल 56 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधमुक्त वातावरण का सृजन करते हुए कानून का राज स्थापित किया गया है और इसे बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## भाजपा विधायकों ने राज्यपाल के अभिभाषण का किया विरोध

**रांची ।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण हुआ। जिसमें उन्होंने प्रदेश सरकार के उपलब्धियों का बखान किया। इसी दौरान भाजपा की ओर से विरोध प्रकट किया गया। भाजपा के वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राज्यपाल से झूठ बोलवाया जा रहा है। जो बाते कही जा रही है वो असत्य है। इसके बाद भाजपा विधायकों ने अभिभाषण के दौरान कही गयी बातों का विरोध किया। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 मार्च तक चलेगा।

# विधानसभा : पेपर लीक और नेता प्रतिपक्ष के चयन पर सत्ता और विपक्ष आमने-सामने, लगे आरोप प्रत्यारोप



**संवाददाता**


**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सत्ता और विपक्ष के सदस्यों के बीच सदन के बाहर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए देखा गया। पेपर लीक और मईया सम्मान योजना समेत अन्य मुद्दों पर तकरार देखने को मिली। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक चम्पाइ सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार को जनाधार का सम्मान करते हुए कार्य करना चाहिए।उन्होंने कहा कि शुरुआती कार्यकाल में ही बुजुर्गों का पेंशन रोक दिया गया है, पेपर लीक हो रहे हैं। आगे और भी देखी क्या-क्या हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष के चयन के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि समय आने पर चयन हो जाएगा।वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि सदन सुचारू रूप से चलेगा। अगर विपक्ष सदन में हंगामा करेगी तो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।वही पेपर लीक मामले पर उन्होंने कहा की पेपर लीक की जननी भाजपा सरकार है। हमारी सरकार कार्रवाई कर रहे है।जेएलकेएम विधायक जयराम महतो ने कहा है कि पेपर लीक का मुद्दा एक जगह ने अपराध है। बजट सत्र में हिस्सा लेने के क्रम में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह विषय बहुत ही गंभीर है सरकार को गंभीरता से इस पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान हुए राज्य से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे। जयराम महतो ने कहा कि झारखंड की जनता के भावनाओं के अनुरूप सरकार को बजट पेश करना चाहिए।

## गतिरोध पैदा करना सदन की परंपरा नहीं : स्पीकर



**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने विधायकों को विधायी परंपराओं की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि गतिरोध सदन की परंपरा नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लगातार दूसरी बार गठित सरकार का पहला बजट है। सत्र 27 मार्च तक चलेगा। इस सत्र में कुल 20 बैठकें निर्धारित हैं। वर्ष 2024-25 का तृतीय अनुपूरक बजट और वित्तीय वर्ष 2025-2026 का वार्षिक बजट का उपस्थापन किया जाएगा। विधायिका के पास कार्यपालिका के कार्यों का आकलन के निमित्त बजट एक बहुत बड़ा साधन है। विधायकों को उपस्थापित होने वाले बजट की अनुदान मांगों पर कटौती प्रस्ताव के माध्यम से सरकार की योजनाओं की समीक्षा करने का अवसर प्राप्त होगा।राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भी सार्थक बहस करने का अवसर प्राप्त होगा।

# एक शाम दुमका नरेश के नाम, बही भक्ति की धार, कन्हैया मित्तल ने बांधा समा





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** शहर के यज्ञ मैदान में सोमवार को एक शाम दुमका नरेश के नाम कार्यक्रम के तहत रात्रि जागरण किया गया । संध्या को भव्य दरबार यज्ञ मैदान में सजा। कार्यक्रम में कोलकाता से आए सुप्रसिद्ध गायक पंकज जी अग्रवाल, सौरभ जी शर्मा और कन्हैया मित्तल की मधुर वाणी ने पूरे यज्ञ मैदान को भक्तिरस में डूबो दिया। उनकी संगीतमयी प्रस्तुति से पूरा माहौल भाव-विभोर हो उठा और भक्तगण दुमका नरेश के नाम के इस संकीर्तन में मंत्रमुग्ध हो गए। इस कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं के मन में गहरी आस्था और भक्ति का संचार किया। इस कार्यक्रम के भव्य दरबार की सुंदरता और पूज्य बाबा के दिव्य श्रृंगार ने पूरे दुमका वासियों का मनमोह लिया। इस भव्य संध्या ने दुमका वासियों को एक अनुपम आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया। जिससे यह आयोजन अविस्मरणीय बन गया। ईष्टदेव खाटू नरेश को 56 भोग लगाया गया।इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्याम भक्तों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बाबा का भव्य श्रृंगार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, सवामणी, श्याम रसोई का आयोजन किया गया। पूरी रात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया।

# सरकार ने हवाई जहाज से भेजा मजदूरों के परिजनों को



**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर तेलंगाना के निर्माणाधीन टनल में फंसे झारखंड के श्रमिकों के परिजनों को लेकर अ?धिकारी सोमवार को तेलंगाना रवाना हुए। गुमला जिला प्रशासन ने चार परिवारों के एक-एक सदस्य, पुलिस अधिकारी और गुमला जिला प्रशासन का कर्मी बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से तेलंगाना के लिए प्रस्थान किया। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रम विभाग के अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उल्लेखानीय है कि तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में स्थित श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल कुल आठ मजदूर फंसे हुए हैं, जिनमें झारखंड के चार, उत्तर प्रदेश के दो, जम्मू-कश्मीर और पंजाब का एक एक मजदूर शामिल हैं। वहीं राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम बचाव अभियान में जुटी है।

### बिहार साधने भागलपुर पहुंचे प्रधानमंत्री, किया रोड शो

# किसान योजना की 19वीं किस्त की जारी

**एजेंसी**

**भागलपुर ।** दिल्ली में विजय होने के बाद बीजेपी अब बिहार को साधने में जुट गई है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भागलपुर में कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 19वीं किस्त जारी की। इस मौके पर उन्होंने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के द्वारा करीब 9.8 करोड़ किसानों के खातों में 22 हजार करोड़ रुपये भेज दिए।




इस मौके पर पीएम मोदी ने रैली को संबोधित कर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वागत कर उन्हें हमारे लाडले मुख्यमंत्री कहकर संबोधित किया। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष, विशेष रूप से राजद प्रमुख और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं, वे कभी भी स्थितियों को नहीं बदल सकते। पीएम मोदी ने कृषि क्षेत्र में किए गए सुधारों को गिनाकर कहा कि पहले किसानों को यूरिया के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं और इतना ही नहीं यूरिया की कालाबाजारी होती थी, लेकिन आज किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी किसानों को खाद की कोई कमी नहीं होने दी गई। प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से दिए गए अपने भाषण को याद कर कहा कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं- गरीब, किसान, युवा, नारी शक्ति! उन्होंने कहा कि चाहे एनडीए की सरकार केंद्र में हो या बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में, किसान कल्याण हमेशा हमारी प्राथमिकता में रहेगा।

भागलपुर दौरे के दौरान सोमवार को पीएम मोदी एक अनोखा दिखाई दिया। पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक साथ रोड शो किया, जहां पीएम मोदी जनता का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे, वहीं नीतीश कुमार हाथ जोड़कर उनके साथ खड़े रहे। इस बदले हुए अंदाज ने राजनीतिक हलकों में चर्चाओं को तेज कर दिया है।

# वकीलों के विरोध के बाद झुकी सरकार, वकालत (संशोधन) विधेयक लिया वापस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय कानून मंत्रालय ने वकीलों के विरोध के बाद वकालत (संशोधन) विधेयक, 2025 का मसौदा वापस लिया है। यह विधेयक अदालतों के कामकाज में बाधा डालने वाले वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव देता था। इसमें वकीलों के लाइसेंस रद्द करने का भी प्रावधान था। कई वकील संगठनों ने विधेयक का विरोध किया था। ड्राफ्ट बिल 13 फरवरी को कानून मंत्रालय की वेबसाइट पर जन परामर्श के लिए उपलब्ध कराया गया था। मंत्रालय ने कहा, हालांकि, प्राप्त सुझावों और चिंताओं को देखते हुए, अब परामर्श प्रक्रिया को खत्म करने का फैसला हुआ है। अब संशोधित ड्राफ्ट बिल हितधारकों के साथ परामर्श के लिए नए सिरे से तैयार किया जाएगा।

इसके पहले, मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन सहित देश भर के विभिन्न बार एसोसिएशनों के साथ विचार-विमर्श किया था। सभी ने वकालत (संशोधन) बिल और विधि आयोग की 266वीं रिपोर्ट का विरोध किया था। रिपोर्ट में अदालत के काम में बाधा डालने वाले वकीलों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश हुई थी, जिसमें उन्हें प्रैक्टिस करने से रोकना भी शामिल था।

कई बार काउंसिल ने आयोग (रिपोर्ट संख्या 266) द्वारा प्रस्तावित संशोधनों पर आपत्ति जाहिर की थी। उनका कहना था कि प्रस्तावित विधेयक प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम पर गैर-कानूनी व्यक्तियों को वैधानिक निकाय में शामिल करने की सिफारिश करता है।

## ढ़ेड करोड़ निकासी मामले में दो बैंक कर्मी समेत तीन लोग गिरफ्तार



**पश्चिमी सिंहभूम ।** चाईबासा स्थित कोल्हान विश्वविद्यालय के खाते से एक करोड़ 58 लाख रुपए की अवैध निकासी के मामले में पश्चिम सिंहभूम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।इस मामले में दो बैंक कर्मियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि कोल्हान विश्वविद्यालय के कुल सचिव ने 19 फरवरी को मुफ्फसिल थाना में इस संबंध में एक प्राथमिक की दर्ज करवाई थी जिसमें बताया गया था विश्वविद्यालय के खाते से एक करोड़ 58 लाख 96 हज़ार 800 से रुपए की निकासी अवैध रूप से कर ली गई है। इस पर जांच के लिए अपर पुलिस अधीक्षक अभियान पारस राणा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ समेत झारखंड के रामगढ़, रांची और बोकारो जिलों में जाकर छानबीन की और बोकारो जिले के धनंजय कुमार प्रजापति समेत येस बैंक चास शाखा की महिला कर्मी अमृता शर्मा और एसेफ बैंक के कडरु शाखा के सहायक प्रबंधक संजय कुमार को गिरफ्तार किया। इनकी निशानदेही पर 14 लाख 80 हजार रुपए नगद और पांच मोबाइल फोन समेत अन्य ज़रूरी दस्तावेज बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि निकासी की गई राशि में से अन्य खातों में ट्रांसफर की गई 93 लाख रुपए की राशि को फ्रीज कर दिया गया है।एसपी श्री शेखर ने बताया कि इस मामले में और भी लोग शामिल हैं जिनकी गिरफ्तारी जल्द ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि ये सभी पेशेवर समझे जा रहे हैं जिनमें से कुछ के खिलाफ पहले भी शिकायतें दर्ज हैं।

## सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत, विरोध में पांच घंटे रहा सड़क जाम

**लातेहार ।** जिले के बारियातु थाना क्षेत्र के फुलबसिया रेलवे कोयला साइडिंग के पास एक अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई । घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने लगभग पांच घंटे तक सड़क जामकर कोयला परिवहन को रोक दिया। हालांकि बाद में सीसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के जरिये उचित मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिए जाने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया । मिली जानकारी के अनुसार बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलबसिया गांव निवासी वकील गंझु (41) शौच के लिए रेलवे साइडिंग की ओर जा रहा था ।इसी दौरान एक अनियंत्रित हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया ।जिससे उसकी मौत हो गयी ।घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने शव के साथ फुलबसिया रेलवे साइडिंग मार्ग को जाम कर दिया ।जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी ।ग्रामीण परिजनों के लिए 20 लाख रुपए मुआवजा और नौकरी की मांग कर रहे थे । लगभग पांच घंटे तक सड़क जाम रहने के बाद सीसीएल और स्थानीय प्रशासन के जरिये मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया गया। वही सीसीएल प्रबंधन के जरिये तत्काल मृतक के परिजनों को कुछ राशि भी उपलब्ध कराई गई ,जिसके बाद सड़क जाम हटा।

## झारखंड में बढ़ी ठंड, तीन डिग्री गिरा तापमान

**रांची ।** झारखंड के विभिन्न जिलों में पिछले दो तीन पूर्व हुई बारिश और ओलावृष्टि का असर अब भी जारी है। यही वजह है कि रविवार के मुकाबले सोमवार को न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। रविवार को जहां रांची में न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री था वहीं सोमवार को घटकर तापमान 13.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हालांकि अधिकतम तापमान में रविवार की तुलना में सोमवार को एक डिग्री की बढोत्तरी दर्ज की गई। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान में सरायकेला में 34.8 डिग्री, जबकि सबसे कम तापमान चतरा में 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो तीन दिनों तक रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहेगा। इससे तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि की संभावना है। 27 मार्च को राज्य के उत्तर पश्चिमी भागों में आंशिक बादल छाने की संभावना है। रांची में अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि जमशेदपुर में 30.5 और 17 डिग्री, डालटेनगंज में 31.5 और 14.2 और बोकारों में अधिकतम 33.1 और न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया।

## कोलकाता से प्रयागराज जा रही बस दुर्घनाग्रस्त

**हजारीबाग ।** हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र में महाकुंभ के लिए कोलकाता से प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं की बस सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा सियरकोनी 19 के पास पीके इंटरनेशनल होटल के नजदीक हुआ। हादसे में 30 के करीब यात्री घायल हुए हैं। इनमें से दो की स्थिति गंभीर है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क किनारे प्याज लदा एक ट्रक खड़ा था। पीछे से आ रही यात्री बस अनियंत्रित होकर इस ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एनएचएआई के एम्बुलेंस से सभी घायलों को चौपारण सरकारी अस्पताल ले जाया गया। थाना प्रभारी के अनुसार मामूली रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। गंभीर रूप से घायल दो यात्रियों का इलाज जारी है। सभी यात्री खतरे से बाहर हैं।

## ट्रेक्टर और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में एक की मौत,एक गंभीर

**काठीकुंड ।** थाना क्षेत्र के शिकारीपाड़ा -काठीकुंड मुख्य मार्ग पर सोमवार के देर शाम हरीपुर गांव के पास ट्रेक्टर और मोटरसाइकिल के टक्कर में दो बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंच कर दोनों घायल को इलाज को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काठीकुंड में भर्ती कराया, जहां डॉ अंसारुल ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया । मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के बाघासोला लेटटोला के 20 वर्षीय शिरीष सोरेन के रुप में हुई है। जबकि गंभीर रूप से घायल 38 वर्षीय कैराप मरांडी को प्राथमिक इलाज के बाद फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका रेफर कर दिया गया। स्थानीय पुलिस के एसआई विवेक विलसन, एसआई मानकी हायबुरु ने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर क्षतिग्रस्त बाइक और ट्रेक्टर को जप्त कर थाना लाया है। खबर लिखें जाने तक वाहन मालिक का पता नहीं चल पाया था।जानकारी अनुसार ट्रेक्टर शिकारीपाड़ा की ओर से काठीकुण्ड आ रही थी, इसी क्रम मे हरीपुर के समीप ट्रैक्टर और बाइक में टक्कर हो गई ।

## दो गुमशुदा बच्चों को ढूंढने के संबंध में सरकार अपडेट रिपोर्ट दें

**रांची ।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनो बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक्स यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना आदि के बारे में सरकार के आवेदन पर यूआईडीएआई (यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया) ने एक रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट को सीलबंद रूप में अनुसंधानकर्ता को सौपा जाएगा। वहीं, राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि केंद्र की रिपोर्ट मिलने के बाद दोनों बच्चों को ढूंढने की कार्रवाई और तेज होगी। कोर्ट ने दोनों गुमशुदा बच्चों को ढूंढने के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में राज्य सरकार से अपडेट जानकारी मांगी है। वही कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि उसने सीलबंद रिपोर्ट अनुसंधानकर्ता को सौंपी है या नहीं। अगली सुनवाई मार्च माह में होगी।

# संगठन पर्व का उद्देश्य पार्टी की मजबूती और सर्व स्पर्शी विस्तार : सुनील बंसल

संवाददाता

**रांची ।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री और चुनाव अधिकारी सुनील बंसल, लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक और चुनाव अधिकारी संजय जायसवाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन पर्व पार्टी की मजबूती और सर्वस्पर्शी विस्तार का पर्व है। भाजपा विचारधारा आधारित विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और आज देशभर में 13.50 करोड़ प्राथमिक




सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में संगठन महापर्व का कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें झारखंड भी शामिल है। सशक्त भाजपा से ही विकसित और स्वाभिमानी भारत का सपना साकार होगा, इस पर उन्होंने विशेष बल दिया। भाजपा संगठन विस्तार में महिला सशक्तिकरण को प्रमुख प्राथमिकता देने की बात भी उन्होंने कही। सांसद संजय जायसवाल ने झारखंड में भाजपा के मजबूत सांगठनिक जनाधार पर चर्चा करते हुए इसे और व्यापक बनाने के लिए चल रहे संगठन पर्व की प्रक्रिया पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह संगठन पर्व भविष्य के कार्यकर्ताओं को तैयार करने का पर्व है। सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि झारखंड में भाजपा का मजबूत सांगठनिक जनाधार है। जिसे और विस्तृत,व्यापक बनाने की प्रक्रिया संगठन पर्व में चल रही। भाजपा का संगठन कार्य सतत चलने वाला कार्य है।

## कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए के राजू ने को दिए पांच सुझाव

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को प्रमंडल स्तरीय बैठक हुई। प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि मैं पार्टी को चलाने नहीं सेवा करने आया हूं। मैं कार्यकर्ता के प्रति जवाबदेह रहूंगा।कोई भी कार्यकर्ता मुझसे मिलकर सवाल कर सकता है। उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूती के लिए पांच बहुमूल्य सुझाव दिए।इन्होंने कहा कि पार्टी के निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को भी मजबूत करना एवं उनका अधिकार देना आवश्यक है, पार्टी के निर्णय में भी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को सम्मिलित करना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश के संविधान की रक्षा कर सकती है और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार दिला सकती है। प्रभारी ने कहा कि आगामी एक वर्ष तक हम जय संविधान कैंपेन चलाएंगे, हम झारखंड के लोगों को सरकार की ओर से अच्छा शासन देंगे ताकि सभी को उनका

अधिकार मिल सके और संगठन के माध्यम से सभी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने का काम करेंगे।हम झारखंड से लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत नेताओं को आगे बढ़ने का भी काम करेंगे। इन्होंने कहा कि कांग्रेस के चारों मंत्री को प्रमंडल वार जिम्मेदारी और कांग्रेस के हर एक विधायक को दो जिला की जिम्मेदारी दी जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा के झारखंड के प्रभारी के राजू के झारखंड आने से पार्टी एवं सरकार दोनों को मार्गदर्शन मिलेगा, एक और उनका प्रशासनिक अनुभव और दूसरी और लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव से पार्टी को ऊर्जा और गति मिलेगी, हमें संगठन को मजबूत करना है और चुनाव के दौरान जनता से किए वादे को भी पूरा करना है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव की अध्यक्षता में की गयी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के जिला कांग्रेस कार्यालय हजारीबाग मे आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष का जगह जगह हर चौक पर फूल का माला पहनाकर स्वागत किया गया।कांग्रेस कार्यालय में हजारीबाग जिला अध्यक्ष, और जिला के महानगर अध्यक्ष,प्रखंड और मंडल अध्यक्ष, रामगढ़ जिला अध्यक्ष, नगर, प्रखंड और मंडल अध्यक्ष,चतरा ।

## रिटायर सीसीएलकर्मी से 1.50 लाख की लूट

**पलामू ।** पलामू जिले में थाना के सामने भी लोग सुरक्षित नहीं हैं। मेदिनीनगर शहर थाना के सामने लालकोठा से सटे मुख्य सड़क पर सोमवार को दिनदहाड़े एक रिटायर सीसीएलकर्मी से छिनतई की गयी। बाइक सवार दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। अपराधी सीसीटीवी कैमरे में दिखे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी में जुटी हुई है। घटना शाम 4.10 बजे की है। जानकारी के अनुसार शांतिपुरी के रहने वाले 62 वर्षीय मधुसूदन नारायण पांडेय एसबीआई के बाजार ब्रांच से 1.50 लाख रूपए निकालकर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही लालकोठा से सटे मुख्य सड़क पर पहुंचे कि पीछे छहमुहान की ओर से एक बाइक पर दो अपराधी पहुंचे एवं मधुसूदन के हाथ से पैसों से भरा झोला छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद मधुसूदन कुछ समझ पाते तबतक लुटेरे अस्पताल चौक की ओर से निकल गए।

## महाशिवरात्रि की तैयारियों का डीसी ने किया निरीक्षण



संवाददाता

**देवघर।** महाशिवरात्रि के सफल आयोजन को लेकर डीसी विशाल सागर ने जलसार पार्क, शिवराम झा चौक, तिवारी चौक व बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर के आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के सुगम व सुरक्षित जलार्पण, शीघ्र दर्शन व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।डीसी ने विशेष साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, बेहतर लाइटिंग, होल्डिंग पॉइंट में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं एवं स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया, ताकि जलार्पण के लिए आने वाले श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के दर्शन कर सकें। शिव बारात की तैयारियों का लिया जायजा नरीक्षण के दौरान डीसी विशाल सागर ने शिव बारात के मार्ग (रूटलाइन) की सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। के.के.एन. स्टेडियम, फव्वारा चौक, प्राइवेट बस स्टैंड, बाजला चौक, टावर चौक और बजरंगी चौक समेत अन्य स्थानों पर साज-सज्जा और लाइटिंग व्यवस्था को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने शिव बारात मार्ग के किनारे मजबूत बैरिकेडिंग करने को कहा, ताकि झांकियों के भ्रमण के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, अधिकारियों को महाशिवरात्रि से 24 घंटे पहले जलार्पण व शिव बारात रूटलाइन का निरीक्षण कर बिजली और टेलीफोन के तारों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, गोपनीय प्रभारी मुकेश कुमार, सहायक मंदिर प्रभारी संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी समेत संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, अधिकारीगण, पुलिस पदाधिकारी और कार्यरत एजेंसियों की ।

## कार्यकर्ताओं को सम्मान दें मंत्री और विधायक : के राजू



**रांची ।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने सोमवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के हजारीबाग रामगढ़, चतरा, कोडरमा के जिलाध्यक्ष, प्रमंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक की। बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपनी भावनाओं से प्रभारी को अवगत कराया, जिसमें विस्थापितों को मुआवजा और प्रखंडों में संगठन की स्थिति, सरकार और संगठन में सामंजस्य पर बल दिया। मौके पर प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान ही पार्टी का सम्मान है। उन्होंने सभी विधायक और मंत्रियों से कार्यकर्ताओं को सम्मान देने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि कार्यकर्ता हैं तो आप विधायक और मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि संगठन के लिए दिन-रात पसीना बहाने वाले कार्यकर्ता ही संगठन की मजबूती के प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि जब लीडरशिप डेवलप होगा तो संगठन मजबूत होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राज्य में विस्थापन एक बड़ी समस्या है और जो विस्थापित हुए हैं उनको मुआवजे के लिए पार्टी पूरी मजबूती के साथ आवाज बुलंद करेगी। मुआवजे की राशि केन्द्र सरकार हड़पना चाहती है, लेकिन हम विस्थापितों का पैसा और उनका हक लेकर रहेंगे। कार्यक्रम को जेपी पटेल, अम्बा प्रसाद, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, कोडरमा जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान, चतरा जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे ने संबोधित किया। मौके पर इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, योगेंद्र साव, शहज़ादा अनवर, अभिलाष साहु, सतीश पौल मुजनी, शांतनु मिश्रा समेत अन्य शामिल थे।

## एसबीयू को मिला प्रथम पुरस्कार




**रांची ।** अरका जैन विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम फार्मटेक 1.0 में सरला बिरला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शशांक कुमार गुप्ता और गगनदीप सिंह ने पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया है। कार्यक्रम में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. मोंटूभाई पटेल ने एसबीयू के फार्मेसी विभाग के डीन इंचार्ज डॉ. शुभ्रजीत मंत्री को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विवि के फार्मेसी विभाग के शिक्षक पवन कुमार महतो और छात्र विशाल, अनिकेत, विजय और राहुल भी उपस्थित रहे। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति माननीय श्री बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा और माननीय कुलपति प्रो. सी जगनाथन ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## तालाब में नहाने के दौरान 12 वर्षीय बालक के डूबने से हुई मौत

**दुमका ।** दुमका के मुफस्सिल थाना के मंझियारा गांव के एक तालाब में नहाने के दौरान 12 वर्षीय बालक के डूबने से मौत हो गई. बालक रमेश मंडल अपनी मां के साथ तालाब गया था. तालाब में मां कपड़ा धोने में व्यस्त हो गई थी. मां की आंख ओझल होते ही बालक ने तालाब में छलांग लगा दिया. तालाब में पानी गहरा था. वह तालाब में डूबने लगा. मां ने अपने डूबते हुए बेटे को बचाने की काफी कोशिश की, पर वह नहीं बचा पायी. तालाब में और कोई नहीं था. वह चिल्लाई पर समय पर कोई पहुंच नहीं पाया. काफी शोरगुल के बाद लोग जुटे और तालाब से बालक को किसी तरह से निकाला गया, पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. मां एवं परिजन बालक के जीवित होने की आस में तुरंत पीजेएमसीएच लेकर पहुंचे, पर चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची, पर उसकी मां ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया. पुलिस ने मृतक के परिजनों से लिखित आवेदन लेकर शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ही भेज दिया. ।

## वाहन की चपेट में आने से 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**दुमका।** दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आमझरी मोड़ के पास हुई. जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. मृतक सुदामा सोनार आभूषण व्यवसायी था. सुदामा सोनार की भुरकुंडा गांव के पास एक सोने-चांदी का दुकान है. वे अपने भांजे के साथ अपने घर शिकारीपाड़ा थाना अंतर्गत ढाका जा रहे थे. इसी बीच बाइक में एक अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया. घटना में दोनों मामा और भांजा गंभीर रुप से जख्मी हो गए. स्थानीय लोगों की सहायता से मुफस्सिल थाना की पुलिस ने उसे उठाकर इलाज के लिए पीजेएमसीएच में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सुदामा सोनार की मौत हो गई, जबकि भांजे का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## किसानों की समृद्धि के लिए है सम्मान निधि : संजय सेठ



**रांची ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीबीटी के माध्यम से सोमवार को देश के किसानों को पीएम सम्मान निधि की 19 वीं किस्त किसानों के खाते में हस्तांतरित की। इस दौरान किसान विकास केंद्र, रामकृष्ण मिशन, रांची में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान, कृषि वैज्ञानिक और कृषि कार्यों में रुचि रखने वाले प्रबुद्ध भी मौजूद रहे। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसान सम्मान निधि किसानों की समृद्धि के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में चार वर्गों की बात की है, जिसमें प्रमुख वर्ग हमारे अन्नदाता किसान हैं। किसानों का ख्याल रखना, कृषि से जुड़ी उनकी जरूरत का ख्याल रखना, यह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार कर रही है। इसी के तहत प्रतिवर्ष किसानों को सम्मान राशि के रूप में छह हजार दिए जाते हैं ताकि कृषि कार्यों में उनकी जरूरतें पूरी हो सके। नई तकनीक से खेती करने वाले पांच किसान सम्मानित कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती और इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए अनगड़ा के किसान संतोष बेदिया और दीपेंद्र बेदिया, मधुमक्खी पालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए रातू के किसान मनरखन महतो, नई तकनीकी के द्वारा कृषि कर अपनी उपज में अप्रत्याशित वृद्धि प्राप्त करने वाली अनगड़ा की महिला किसान सोनी देवी और पार्वती देवी को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सम्मानित किया।

## गलत तरीके से छात्रा को छूने के आरोप में ग्रामीणों ने पारा शिक्षक को बनाया बंधक

**दुमका ।** शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव में ग्रामीणों ने विद्यालय के 50 वर्षीय पारा शिक्षक को घंटों बंधक बना कर रखने की बात बताई जा रही है। पारा शिक्षक पर आरोप लगाया गया है कि विद्यालय की 5वीं कक्षा की छात्रा को गलत तरीके से छुआ । बताया जा रहा है इस घटना की जानकारी पीड़िता ने इसकी शिकायत अपने परिजन से की। घटना की जानकारी मिलते ही न केवल परिजन बल्कि पूरा गांव आक्रोशित हो गए। विद्यालय पहुंच कर ग्रामीणों ने आरोपी पारा शिक्षक को बंधक बना लिया। वहीं इस मामले में आरोपी शिक्षक का कहना है कि उसने विद्यालय में साफ सफाई को लेकर छात्रा को डांटा इस कारण उसपर आरोप लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मुफस्सिल थाना को मिली। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराया। पुलिस आरोपी को लेकर मुफस्सिल थाना पहुंची जहां उसे रखा गया है। इस बाबत थाना प्रभारी का कहना है कि परिजनों द्वारा अभी तक लिखित शिकायत नहीं की गई है। शिकायत मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसएनएमएमसीएच का ऑक्सीजन पाइप हुआ लीक, अस्पताल में मची अफरा-तफरी




**धनबाद ।** धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लीक होने से अफरा-तफरी मच गई। यह घटना सोमवार की दोपहर दो बजे मेल-फीमेल वार्ड के बाहर हुई। वहीं लीकेज की आवाज इतनी तेज थी कि वार्ड में भर्ती मरीज और उन्हें देखने आए उनके परिजन घबरा कर वार्ड छोड़कर बाहर भागने लगे। इस दौरान अस्पताल के कर्मचारियों में भी घबराहट पैदा हो गई। इसके बाद तत्काल मौके पर पहुंचे टेक्नीशियन ने वार्ड में गैस की आपूर्ति को रोक दिया। जिससे वहां होने वाली गैस का रिसाव भी बंद हो गया। उल्लेखनीय है कि एसएनएमएमसीएच में लगे ऑक्सीजन प्लांट से ही अस्पताल में ऑक्सीजन की आपूर्ति की जाती है। फिलहाल अस्पताल प्रशासन ने इस गड़बड़ी की सूचना अस्पताल में लगे ऑक्सीजन प्लांट का रखरखाव करने वाली कंपनी को दे दिया है।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त करने के दौरान पुलिस-ग्रामीणों ने हिंसक भिड़ंत

**पलामू ।** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के हिसरा बरवाडीह पंचायत अंतर्गत कारीहार गांव में जिंजोई नदी से अवैध बालू उठाने के क्रम में पुलिस और ग्रामीणों में भिड़ंत हो गयी। इस घटना में थाना प्रभारी लालजी एवं एक हवलदार चोटिल हो गए। हालांकि इसके बाद भी अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया। इस संबंध में सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। कार्रवाई टीम में प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव भी शामिल थे। प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव को गुप्त सूचना मिली थी कि जिंजोई नदी से बालू का अवैध उठाव होता है। सूचना पर सोमवार सुबह 4.30 बजे प्रशिक्षु डीएसपी मौके पर पहुंच गए और एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ा। प्रशिक्षु डीएसपी जब ट्रैक्टर जब्त कर ले जाने लगे तो ग्रामीणें के जरिये रोकने की कोशिश की गयी। स्थिति को देखते हुए प्रशिक्षु डीएसपी ने इसकी जानकारी थाना प्रभारी लालजी को दी। सूचना के तुरंत बाद थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। बालू लदा ट्रैक्टर लाने के क्रम में स्थानीय लोगों का विरोध बढ़ गया तो पुलिस की । लपड़ थपड़ की गयी, जिससे मामला बढ़ गया और लोग थाना प्रभारी से उलझ गए। इस क्रम में हाथापाई होने से थाना प्रभारी एवं एक हवलदार जख्मी हो गए।

## आमरेश्वर धाम में 26 को धूमधाम से होगी महाशिवरात्रि की पूजा



**खूंटी ।** बाबा आमरेश्वर धाम मंदिर अंगराबाड़ी में महाशिवरात्रि का त्योहार 26 फरवरी बुधवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। मंदिर के पुजारी पंडित हरिहर कर ने बताया कि महाशिवरात्रि का त्योहार प्रत्येक वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को प्रात 9.19 से प्रारंभ होकर दूसरे दिन गुरुवार को 8.9 तक रहेगी। महाशिवरात्रि का व्रत रखकर जागरण पूर्वक महादेव का पूजन, अभिषेक और मंत्र जाप करने से दुख और दरिद्रता का नाश होता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार महाशिवरात्रि को रात्रि के चारों प्रहर भगवान शिव की बिल्व पत्रों से पूजा, अभिषेक और श्रृंगार करने से विशेष फल प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि रात्रि के प्रहर की पूजा संध्या 6.15 से रात्रि 9.15 तक, द्वितीय प्रहर रात्रि 9.15 से रात्रि 12.15 तक, तृतीय प्रहर रात्रि 12.15 से 3.15 तक और चतुर्थ प्रहर की पूजा रात्रि 3.15 से प्रातः 6.15 तक होगी।

## हलधर संगठन का हुआ विस्तार

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** रविवार को जानकारी मिली कि भारतीय हलधर किसान यूनियन के कोर कमेटी उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता बिहार झारखंड प्रदेश प्रभारी डा0 शैलेश कुमार गिरि को सुनील कुमार यादव ( उतरी पश्चिमी प्रदेश महासचिव व जिला मुख्य संगठन मंत्री) जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गोप की अध्यक्षता में रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान साहिबगंज में बीते 2 फरवरी को संगठन विस्तार हेतु एक किसान पंचायत आयोजित हुई थी। जिसमें सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गोप, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार यादव, उतरी पश्चिमी प्रदेश महासचिव व जिला मुख्य संगठन मंत्री ने संयुक्त संस्तुति कर आवश्यक कागजात डा0 शैलेश कुमार गिरि को भेजा था। प्राप्त दस्तवेजों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र सोलंकी से सहमति प्राप्त कर, अवलोकन व संस्तुति के आधार पर डा0 शैलेश कुमार गिरि राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता बिहार झारखंड प्रदेश प्रभारी ने जिला कमेटी के विस्तार की श्रृंखला में नव मनोनीत आठ भाकियू हलधर पदाधिकारियों के साथ अब जिला कमेटी विस्तार की एक सूची भी जारी की है जो इस प्रकार है।निवासी 26 ज्योति निकेतन रोड नया टोला से विन्ध्याचल सिंह व डिहारी मिर्जा चौकी से गंगा सागर यादव को जिला उपाध्यक्ष डिहारी हाजीपुर बड़ी कोदरजन्ना से चंद्रमा प्रसाद यादव को जिला महासचिव ; रामपुर हरप्रसाद बलुआ टोली से शिव चरण सिंह, बयासी स्थान कमल टोला से राजकिशोर यादव और वार्ड नं 0 1 तालबन्ना से केदार नाथ चौबे को जिला सचिव तथा वार्ड नं 0 24 से सत्यनारायण मंडल व पश्चिम मिर्जा चौकी से पवन कुमार यादव को जिला संगठन मंत्री पद पर मनोनयन पत्र जारी करते हुए कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि पूरे साहिबगंज जिले में अप्रैल तक भाकियू हलधर के सैकड़ों पदाधिकारी संगठन का विस्तार कर प्रखण्ड स्तर तक पहुँच जाएगें। नव मनोनीत भाकियू हलधर के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र सोलंकी व राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता बिहार झारखंड प्रदेश प्रभारी डा0 शैलेश कुमार गिरि सहित प्रदेश व जिला के शीर्ष पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि हम सभी दी गई जिम्मेदारी पर खरा उतरेंगे। सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला के भाकियू हलधर पदाधिकारियों समेत स्थानीय किसानों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

## डॉ0) विमल की पांच पुस्तकों का वीसी ने किया विमोचन



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** सोमवार को माननीय कुलपति प्रो0(डॉ0) विमल प्रसाद सिंह, सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के कार्यालय में डॉ0 अनिल कुमार, विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र स्नातकोत्तर विभाग, साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज के द्वारा रचित पांच पुस्तकों का विमोचन किया गया 7 जिसमें मास्टरिंग केमिस्ट्री- ए कॉम्प्रिहेंसिव अप्रोच÷ प्रकाशक 'नाइनेटल्स पब्लिशिंग, एनवायरनमेंटल साइंस प्रकाशक जे. ई. सी. पब्लिकेशन, ए टेक्स्टबुक ऑफ ग्रीन केमेस्ट्री प्रकाशक एकेडमिक गुरु पब्लिशिंग हाउस, एडवांसेज इन केमेस्ट्री रिसर्च प्रकाशक साइंटिफिक इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, ए टेक्स्टबुक ऑफ इनऑर्गनिक पॉलिमर केमिस्ट्री प्रकाशक एकेडमिक गुरु पब्लिशिंग हाउस शामिल है इस दौरान डॉ0 राजीव कुमार, कुलसचिव, डॉ0 जय कुमार साह, परीक्षा नियंत्रक, डॉ0 इंद्रनील मंडल, ओएसडी परीक्षा, डॉ0 संजय कुमार सिंह, विज्ञान संकायाध्यक्ष सह विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र विश्वविद्यालय विभाग उपस्थित थे। माननीय कुलपति महोदय ने डॉ0 कुमार को अपने शोध कार्य में और अधिक तन्मयता से कार्य में लगे रहने को कहा, जिससे डॉ0 कुमार भविष्य में महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं देश के गौरवान्वित महसूस करवाएंगे। डॉ0 कुमार ने बताया कि उपरोक्त सभी पुस्तक स्नातक, स्नातकोत्तर, शोध कार्य, नेट, गेट, मेडिकल के छात्रों के लिए उपयोगी है।ज्ञातब्य हो कि डॉ0 कुमार द्वारा 120 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित है, कुल मिलकर 24 पुस्तक प्रकाशित है, विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों एवं अवार्ड से सम्मानित है। माननीय कुलपति ने डॉ0 कुमार के शोध के प्रति समर्पण को देख उनको कार्यों को सराहा एवं डॉ0 कुमार के वर्कशॉप, सेमिनार, एवं कॉन्फ्रेंस आयोजित करने की प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।मौके पर डॉ0 अब्दुश सत्तार, सी. सी. डी. सी., पीएचडी शोधार्थी, स्नातकोत्तर के छात्र अभिषेक आनंद, ऐश्वर्या प्रकाश, स्नातक के छात्र ऋषभ राज, आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य मेले का हुआ शुभारंभ



**उधवा।** प्रखंड मुख्यालय के सामने सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमंडल अस्पताल प्रभारी डॉ उदय टुडु, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जयंत कुमार तिवारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अय्युब अली एवं सीआई दारा पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा मरीजों की जांच की गई एवं दवाइयां दी गई। शिविर में पुरुष एवं महिलाएं की जांच के लिए आंख, नाक, कान जांच केंद्र, प्रयोगशाला, परिवार नियोजन केंद्र, आयुष्यमान केंद्र, कुपोषण केंद्र, स्तानपान केंद्र, टीकाकरण केंद्र, दांत जांच केंद्र, मलेरिया, कालाजार, फाइलेरिया केंद्र, टीबी, कुष्ठ केंद्र, आयुष्मान कार्ड का स्टॉल लगाया गया। इस दौरान डॉ उदय टुडू ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग आमजनों के प्रति संवेदनशील हैं। इसलिए जो व्यवस्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य केंद्र में सेवा दी जाती है वहीं सेवा स्वास्थ्य मेला के रुप में दिया जा रहा है। आगे कुपोषण के बारे में जानकारी दिया गया। इस दौरान बताया कि कुपोषण से निकलने के लिए 28 दिन केंद्र में रखकर डाइट के साथ दवा चलाई जाती है, उसके उपरांत कुपोषण मुक्त हो जाते हैं। मौके पर बीपीएम अमीत कुमार, अनिल पाल, डॉ सौरभ कुमार, सैयद सद्दाम हुसैन, नेत्र पदाधिकारी राजकुमार साहा, प्रखंड के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, एएनएम, फार्मासिस्ट, एलटी, सहिया सहित अन्य मौजूद थे।

## चांदशहर की आफ्रोजी बनी आलिमा

**संताल एक्सप्रेस उधवा।** प्रखंड के चांदशहर पंचायत में एक लड़की बनी आलिमा। मिली जानकारी के अनुसार चांदशहर पंचायत के मुखिया मौलाना मुस्ताकीम की पुत्री आफ्रोजी खातून 19 वर्ष की आयु में आलिमा बनकर क्षेत्र का नाम रौशन की है। आफ्रोजी बचपन में अपनी मां बेबी बीबी से अक्षर की पहचान कर पढ़ाई की सिलसिला शुरू की। अक्षर ज्ञान के बाद प्रारंभिक शिक्षा श्रीकुंड स्थित मदरसा आइशा सिद्दीका लिल बनात से हासिल की थी। उन्होंने वहां पर प्रारंभिक शिक्षा शुरू कर मौलवी क्लास की सातवीं क्लास तक की पढ़ाई की। वहीं आठवीं कक्षा की पढ़ाई एवं मौलवी फरागत मदरसा शमशुल होदा अस्सलाफिया लिल बनात दिलाल पुर से किया। मदरसा कमेटी ने आफ्रोजी खातून को रविवार की रात जलसा आयोजित कर दस्तारबंदी की। मौलवी बनने पर उनके माता-पिता ने पुत्री को बधाई दी। पंचायत में एकलौती लड़की के आलिमा बनने पर पंचायत के लोगों में खुशी का माहौल है।

# बिचौलियों के द्वारा आवास एवं डीप बोरिंग का कार्य किए जाने पर पहाड़िया महासभा ने किया विरोध

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**

साहिबगंज/बोरियो हिल एसेम्बली पहाड़िया महासभा के द्वारा दनवार पहाड़ में बैठक किया गया। बैठक ने बताया गया बिचौलियों के द्वारा से पीएम जन मन आवास, एवं डीप बोरिंग का कार्य करने पर अधूरा छोड़ दिया जाता है। जिससे वहां के ग्रामीणों को परेशानी होती है। बैठक में एक स्वर में बिचौलियों के द्वारा कार्य कराने की विरोध किया गया। इस मौके कर जिला अध्यक्ष तिमोति मालतो, सरदार दादा मैसा



पहाड़िया, सरदार मरकुस मालतो, सरदार मैसा पहाड़िया, नायब चांन्दु पहाड़िया, नायब मैसा पहाड़िया, प्रखंड अध्यक्ष रामसुन्दर पहाड़िया, ग्राम प्रधान बरनबास मालतो,

धोबनी ग्राम चांन्दु पहाड़िया, तेतरिया पहाड़ मंडरो प्रखंड से सरदार सुरेश पहाड़िया, सरदार फागु पहाड़िया, गोड्डा जिला से सरदार सिमोन मालतो, सदस्य गुलोरी पहाड़िन, सदस्य बबिता पहाडिन, सदस्य चमरी पहाड़िन सहित अन्य मौजूद थे। मौजूद थे

## अस्पताल मैनेजर पर महिला लैब टेक्नीशियन ने लगाया छेड़खानी व जाति सूचक शब्द के प्रयोग का आरोप

साहिबगंज। जिले के बड़े सदर अस्पताल के मैनेजर यशवंत राव के खिलाफ सदर अस्पताल एआरटी सेंटर में कार्यरत एक महिला लैब टेक्नीशियन ने सोमवार को महिला थाना में आवेदन देकर छेड़खानी व जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर धमकाने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई है। महिला थाना में दिए गए आवेदन में महिला लैब टेक्नीशियन ने आरोप लगाया है कि वह एआरटी सेंटर में बतौर लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। अस्पताल के प्रभारी अस्पताल प्रबंधक यशवंत राव के द्वारा उन्हें बार-बार प्रताड़ित किया जाता है। लैब में आकर उनके बगल में बैठ जाते हैं और उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। जब मैं इस हरकत का विरोध करती हूं तो बोलने लगते हैं कि तुम छोटी जाति की हो, अपने औकात में रहा करो। रिजर्वेशन कोटा से आई हो। बीते 20 फरवरी को पूर्वाह्न 11:30 बजे जब मैं अपने लैब में बैठी हुई थी तो फिर से आकर मेरे बगल में बैठ गए एवं जाति सूचक शब्दों के साथ मेरे हाथ पकड़ने की कोशिश करने लगे। इस घटना से मैं काफी डर गई हूं। इस वजह वे मानसिक तनाव में रहती हैं। यह घटना मैंने अपने सहयोगी को बताई तो धमकी देते है कि तुम किसी और को बताओगी तो मैं तुम्हें अस्पताल से निकलवा दूंगा। इस मामले में अस्पताल मैनेजर को फोन करने के बाद किसी प्रकार की कोई जवाब नहीं मिली इधर महिला थाना प्रभारी गायत्री कुमारी ने बताया कि मामले में आवेदन मिला है। पुलिस मामले में गंभीरता से छानबीन कर रही है।

## महिला के साथ मारपीट करने का आरोप थाने में दिया आवेदन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा मदनशाही निवासी असमुद्दीन अंसारी की पत्नी अजीदा खातून ने मारपीट करने और चांदी का चेन छीनने की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह वह सोकर उठी ही थी तभी जाकिर अंसारी अपने पुत्र राहुल अंसारी, जाहुल अंसारी, साहुल अंसारी, जियाउल अंसारी, पत्नी अजाबुल खातून, बेटी जूही खातून के साथ उसके घर पर आकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जब राहुल अंसारी और अजबून खातून उसे पीट रहे थे तो उनके पति वहां बचाव करने आए। तभी उनके पति को जाहुल, साहुल और जाकिर मारने लगे। पति पत्नी के शोर करने पर मुहल्ले वाले वहां पहुंचे। मुहल्ले वालों को देख सभी राहुल अंसारी उसके गले से 8 भरी का चांदी का चेन छीनकर भाग गया। भागते हुए साहुल अंसारी और जियाउल अंसारी ने पत्थर से मारकर उसके पति को बेहोश कर दिया। उन्होंने पुलिस से आरोपी पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य ऐतिहासिक कलश यात्रा का हुआ आयोजन



**जामताड़ा ।** सदर प्रखंड के भालसुंदा ग्राम के बड़की डंगाल में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त सोमवार को भव्य और आकर्षक कलश शोभायात्रा निकाली गई। शिव मंदिर निर्माण समिति की ओर से इस ऐतिहासिक कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं पावन अवसर पर गाजे बाजे के साथ संग-संग माताओं एवं बहनों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ कलश उठाया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया।इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र मंडल उपस्थित हुए। उन्होंने अपनी ओर से श्रद्धालुओं को शुभकामना देते हुए धर्म और संस्कृति के प्रति समर्पण का संदेश दिया। कलश यात्रा पूरे गांव से होकर गुजरी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मंगल ध्वनियों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। ग्राम में आयोजित इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, एवं भक्तजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर देवी-देवताओं के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। पूरे मार्ग को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे आयोजन की भव्यता और पवित्रता का अद्भुत

## खाली समय में मोबाइल पर ध्यान देने की बजाय सीखे संगीत:शालिनी गुप्ता



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** सोमवार को स्वामी विवेकानंद चौक के समीप स्कूली बच्चे छुट्टियों में जो मोबाइल लेकर फालतू के चीज पर ध्यान जाते हैं वही छुट्टी के समय में बच्चों को संघ के माध्यम से तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है वहीं प्रशिक्षण दे रही शालिनी गुप्ता जो की बचपन से ही इस कला के दीवानी थी और विंध्याचल मिर्जापुर में ही स्कूल लाइफ से ही गाने बजाने की शौक थी यहां साहिबगंज में विवाह होने के बाद शालिनी गुप्ता घर में रहकर हारमोनियम गिटार तबला दुगी अंग डफली एवं अन्य मैजिकल आर्गुमेंट द्वारा प्रशिक्षण देते हुए जबकि यहां कुछ बुजुर्ग महिलाएं भी है उन्होंने भी जीत के माध्यम से हारमोनियम पर अपना हाथ फेरते हुए यह बुजुर्ग महिलाएं सब जिनको शौक है कोई सुलक नहीं इसी तरह आकर्षित की है हारमोनियम बजाते हुए रीता गुप्ता शोभा देवी हर्षित गुप्ता राधिका शाह प्रतिभा कुमारी अभिराज तिलक रानी श्रीवास्तव किन लोगों से पूछने पर बताया कि घर से समय निकालकर इस कला में दिलचस्पी ले रहे हैं कुछ चीजों को सीखने के लिए पढ़ने के लिए उम्र आने नहीं आते हैं इसीलिए बच्चों के साथ मन भी बहल जाता है और जो यहां का संगीत टीचर है शालिनी गुप्ता द्वारा हम लोगों को डफली अंग हारमोनियम तबला दुग्गी गिटार एवं अन्य कला की चीज हम लोगों को सीखने को मिला है और हम लोग सीख रहे हैं।

## विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**मंडरो,साहिबगंज।** प्रखंड अन्तर्गत मध्य विद्यालय मिर्जाचौकी परिसर में सोमवार को शिक्षा विभाग के बीपीओ मनीष कुमार के नेतृत्व में वर्ग 6 से लेकर वर्ग 8 तक के सभी बच्चों के बीच प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान मॉडल विद्यालय मंडरो, द्वितीय स्थान मध्य विद्यालय श्रीरामचौकी और तृतीय मध्य विद्यालय मिर्जाचौकी को मिला।जानकारी देते हुए बीपीओ मनीष कुमार ने बताया कि जो भी छात्र-छात्राएं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है,वैसे छात्र-छात्राओ को पुरस्कृत किया गया है।जबकि कि इन बच्चों को अब जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये भेजा जाएगा।मौके पर बीआरपी क्लाइमेट सोरेन, सीआरपी सनाउल्लाह अंसारी, मध्य विद्यालय मिर्जाचौकी के प्रधानाध्यापक छबिलाल पासवान के अलावा शिक्षक अली अंसारी,राजकुमार महतो सहित विद्यालय के कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मारपीट के आरोप में दिया थाने में आवेदन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज रोड निवासी भोला महतो, उसकी पत्नी सरिता देवी, बेटा करण कुमार, शुभम कुमार और बेटी साक्षी देवी पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जूली देवी ने नगर थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह 9:00 पुलिस कर्मी के सामने उक्त आरोपियों ने उसे उसके पति और उसकी सास के साथ मारपीट किया और सबके सामने उसे निर्वस्त्र करने की कोशिश की है। उन्होंने बताया कि आरोपी पैसे वाला है इसलिए पुलिस के सामने ही वह उनके साथ मारपीट करता है। बताया कि इसके पहले भी उन्होंने पुलिस को आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की थी। आरोपी बाहर से लोग मंगवाकर उसे जान से मारने की धमकी भी देते हैं। जूली देवी ने पुलिस से न्याय की फरियाद की है।

## सिद्धो- कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ निदेशक पर्षद की बैठक



**गोड्डा ।** उपायुक्त के निर्देशन में अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू की अध्यक्षता में सिद्धो- कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ के निर्देशक पर्षद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सरकार द्वारा आवंटित राशि , कार्यशील पूंजी, हिस्सा पूंजी, कृषि एवं वनोपज से संबंधित उत्पाद की इकाई अधिष्ठापन समेत कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। निर्देशक पर्षद द्वारा सहकारी समितियों के क्षेत्रीय कार्यालयों में आधारभूत संरचना विकास और कंप्यूटरीकरण के प्रस्ताव को पारित किया गया।अपर समाहर्ता के द्वारा धान, गेहूं, आम, मडुआ, ईमली, मशरूम से संबंधित उत्पादों के लिए प्रोसेसिंग यूनिट अधिष्ठापन करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने तथा जिला सहकारी समिति संघ एवं पैक्स का सुदृढ़ीकरण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर पवन कुमार बाघ, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पंकज कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय कुमार नाग समेत जिला सहकारिता विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

## हेल्पिंग हैंड्स की अंजलि कुमारी ने छठी बार रक्तदान कर दिया नारी शक्ति का संदेश



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** सोमवार को जिले के हेल्पिंग हैंड्स की सक्रियब कार्यकर्ता अंजलि कुमारी का रक्तदान समाज सेवा और मानवता के प्रति अपनी यह निःस्वार्थ प्रतिबद्धता,सभी के लिए प्रेरणा बन कर आई है।अंजलि कुमारी का यह योगदान हेल्पिंग हैंड्स के मूल्यों-सेवा, करुणा और सामाजिक समर्पण - का जीवंत उदाहरण है।उनके द्वारा किया गया प्रत्येक रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए एक नई जिंदगी की किरण साबित हुआ है।मौके पर उपस्थित संस्था के प्रवक्ता,कुमार दीपांशु ने कहा कि अंजलि हम सभी के लिए प्रेरणा की श्रोत है।उनका रक्तदान के प्रति यह लगन प्रशंसनीय है। उनका यह समर्पण दूसरों को भी इस पुनीत कार्य में आगे आने के लिए प्रेरित करेगा। हेल्पिंग हैंड्स निरंतर रक्तदान का संयोजन कर रहा है और समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व को लेकर जागरूकता फैला रहा है।

## श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का हुआ समापन

**नारायणपुर(जामताड़ा)।** प्रखंड के घांटी बड़बहाल गांव में श्री हनुमत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का समापन सोमवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया ।इस महायज्ञ का शुभारंभ 17 फरवरी को भव्य कलश यात्रा से आरंभ होकर 22 फरवरी को भक्ति संगीत एवं झांकी कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। 23 फरवरी को यज्ञ स्थल पर अस्थाई रूप से स्थापित देवी देवताओं के प्रतिमा का विसर्जन किया गया। यह यज्ञ यज्ञाचार्य आचार्य धीरजकांत मिश्रा के देखरेख में संपन्न हुआ फिर लगातार 5 दिनों तक आचार्य कन्हैया द्विवेदी जी का प्रवचन लोगों के लिए आस्था का केंद्र बना रहा। हर दिन बड़ी संख्या में लोग यहां उपस्थित होकर देर रात तक उनकी वाणी को सुना एवं उसका लाभ लिया। यज्ञ के समापन के लिए शनिवार को भास्कर मिश्रा एवं उनके म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा आकर्षक झांकी एवं भजन की प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम में भास्कर मिश्रा के अलावा रिया सोनी,सोनी श्रीवास्तव आदि कलाकारों के द्वारा जहां आकर्षक भजन की प्रस्तुति की गई वहीं झांकी दल द्वारा प्रस्तुत झांकी का भी लोगों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं श्रोता देर रात तक इनके द्वारा प्रस्तुत भजन पर ताली बजाकर झूमते नाचते नजर आए। आयोजित इस यज्ञ के सफल आयोजन में राजेश तिवारी, राघवेंद्र नारायण सिंह, सत्यनारायण तिवारी, अशोक ओझा, दगोविंद रजक, आनंद मोहन तिवारी, वरुण रवानी, मुरारी रवानी, कमलेश तिवारी एवं देवेंद्र नाथ तिवारी सहित यज्ञ आयोजक मंडली एवं आम लोगों का काफी सराहनीय योगदान रहा।यज्ञ के आयोजन को लेकर लगातार पांच दिनों तक यहाँ का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय बना रहा, इस ग्राम के अलावा अन्य कई स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आकर इस धार्मिक कार्यक्रम का लाभ लिया।

## नगरपालिका चुनाव 2025 के लिए मतदाता सूची विखंडन पर विशेष प्रशिक्षण



**मिहिजाम।** मिहिजाम नगर परिषद कार्यालय में सोमवार को नगरपालिका चुनाव 2025 के मद्देनजर मतदाता सूची विखंडन को लेकर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी वार्डों के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। मुख्य लिपिक विजय कुमार सिंह ने प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व किया और बीएलओ व पर्यवेक्षकों को मतदाता सूची के अद्यतन व सुधार की प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि मतदाता सूची का विखंडन कार्य डोर-टू-डोर सर्वेक्षण के माध्यम से संपन्न होगा। बीएलओ और पर्यवेक्षक घर-घर जाकर मतदाता सूची में दर्ज नामों की पुष्टि करेंगे और आवश्यक संशोधन करेंगे। यह प्रक्रिया 7 मार्च 2025 तक चलेगी, जबकि 10 मार्च को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा। दावा और आपत्तियां 11 से 20 मार्च तक ली जाएंगी और 22 मार्च को अंतिम सूची जारी की जाएगी। सभी बीएलओ व पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करना होगा। इस कार्यशाला में देवाशीष चक्रवर्ती, सनोज भंडारी, रवि पासवान सहित बड़ी संख्या में बीएलओ एवं प्रवेक्षक मौजूद रहे।

## कालाझरिया में शिवचर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



नारायणपुर(जामताड़ा)करमाटांड श्रेत्र के समूपोखर कलाझरिया गांव में नागेश्वर मंडल घर में शिव चर्चा का आयोजन किया किया गया। यह भक्ति सोमवारी उद्यापन के अवसर पर आयोजित किया गया। बताया गया सनातन धर्म के आस्था से जुड़े हुए लोग सोमवार भी करने के बाद शिव चर्चा करते हैं। आयोजित कार्यक्रम से क्षेत्र का भक्ति मय का माहौल देखा गया। मौके पर 51 कन्याओं को भोजन कराया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में सरस्वती देवी के अलावा संतोष मंडल, जोशना कुमारी, वर्षा कुमारी, प्रियंका देवी, मंगला मंडल, लक्ष्मण मंडल, इशांत कुमार, नागेश्वर मंडल, राजेंद्र मंडल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## दिव्य शिव महापुराण कथा के शुभारंभ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



फतेहपुर (जामताड़ा)। हर हर महादेव व ऊँ नमः शिवाय के जयकारे से सोमवार को फतेहपुर क्षेत्र गुंजायमान हो गया। दिव्य शिव महापुराण कथा के शुभारंभ को लेकर भव्य कलश यात्रा में 1008 से अधिक महिलाएं शामिल हुई। फतेहपुर प्लस टू हाई स्कूल के समीप स्थित नंदी धाम परिसर में दिव्य शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा की शुरुआत के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा कथा स्थल से निकलकर बस पड़ाव, फतेहपुर चौक, हटिया होते पवित्र तालाब काली भाषा पहुंची एवं पवित्र तालाब से कलश में जल भरकर महिलाएं एवं कुंवारी युवतियां वापस कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य बाल व्यास पंडित विवेक जी महाराज के साथ यजमान सहित अन्य शामिल रहे। कलश यात्रा में कुंवारी युवतियों, महिलाओं के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल हुए। कलश यात्रा के वापस कथा स्थल पहुंचने के बाद सभी महिलाओं व श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। दिव्य शिव महापुराण कथा समिति के सदस्यों ने बताया कि दिनांक 24 फरवरी से 2 मार्च तक कथा वाचक बाल व्यास पंडित विवेक जी महाराज के द्वारा शिव महापुराण कथा का प्रवचन किया जाएगा एवं दिनांक 3 मार्च (सोमवार) को पूर्णाहुति दी जाएगी। समिति के सदस्यों ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोग कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। कलश यात्रा के सफल आयोजन में समिति के सदस्य सहित ग्राम वासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं कलश यात्रा को लेकर फतेहपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी व जवान तैनात रहे।

## निवेशकों के लाखों करोड़ के प्रस्ताव की वास्तविकता

मध्य प्रदेश में इस बार बड़े पैमाने पर ग्लोबल इन्वेस्टर समिट आयोजित की गई है। इस समिट में देश और विदेश के बड़े-बड़े उद्योगपति और विदेशी राजनायिक शामिल हुए हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पिछले कई महीनों से इस समिट के लिए काफी प्रयास किए हैं। मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारी भी मध्य प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो, इसके लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। मध्य प्रदेश देश का ऐसा राज्य है जो भारत के मध्य में स्थित है। मध्य प्रदेश में सभी किस्म के प्राकृतिक संसाधन मौजूद हैं। कृषि और खनिज के क्षेत्र में मध्य प्रदेश आत्मनिर्भर है। मध्य प्रदेश राज्य में जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मध्य प्रदेश में श्रम संसाधन की कोई कमी नहीं है। ऊर्जा के क्षेत्र में भी मध्य प्रदेश आत्मनिर्भर है। ऐसी स्थिति में मध्य प्रदेश औद्योगिक निवेश के लिए सबसे बेहतर राज्य है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जो प्रयास किये जा रहे हैं, निश्चित रूप से सराहनीय हैं। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के औद्योगिक निवेश को लेकर रुचि प्रदर्शित की है। प्रधानमंत्री स्वयं इस सम्मेलन को सफल बनाने और मध्य प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो, इसके लिए मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल पहुंचे हैं। उन्होंने पर्याप्त समय दिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पिछले 1 साल से औद्योगिक निवेश के लिए प्रयास कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के हर क्षेत्र में औद्योगिक विकास की गंगा बहे। इसके लिए मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश के सभी अंचलों में रीजनल समिट आयोजित किये। जिसमें सरकार को 2.34 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले थे। इसी तरह से मध्य प्रदेश पूर्व सरकार ने 2003 से लेकर 2016 के बीच में कई इन्वेस्टर्स समिट आयोजित किए थे। इन समिट में निवेशको ने बड़े-बड़े प्रस्ताव दिए थे। लेकिन औद्योगिक प्रस्ताव का जमीनी अमली जामा 10 फ़ीसदी से ज्यादा देखने में नहीं आया। 2007 में एक लाख 20 हजार करोड रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। जिसमें से मात्र 102 निवेशकों ने 17311 करोड़ रुपए का निवेश किया। 2010 में 2.35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इसमें मात्र 109 निवेशकों ने 26879 करोड़ रुपए का निवेश किया। 2012 में 3.50 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। 425 निवेशकों ने मात्र 26,055 करोड़ रुपए का निवेश किया। 2014 में मध्य प्रदेश सरकार को 4.35 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इसमें से मात्र 49272 हजार करोड़ के निवेश हुए। 2016 में 5.63 लाख करोड रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। वास्तविकता में केवल 32598 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। यह निवेश 2635 निवेशकों ने किया था। उपरोक्त आंकड़ों से स्पष्ट है, जब समिट होती है, बड़े-बड़े उद्योगपति आते हैं। बहुत बड़े-बड़े प्रस्ताव पर वह अनुबंध करते हैं। जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। अनुबंध होने के बाद मात्र 10 फ़ीसदी ही निवेश मध्य प्रदेश में हो पाता है। ऐसा क्यों होता है? मध्य प्रदेश सरकार को यह समझना होगा। मध्य प्रदेश सरकार अपने पुराने अनुभव के आधार पर नीतियां बनानी होंगी। जो उद्योगपति यहां पर उद्योग लगाने के निवेश प्रस्ताव लेकर आते हैं, राज्य सरकार के साथ अनुबंध करते हैं। उसके बाद भी निवेश क्यों नहीं हो पा रहा है। इसको लेकर यदि कोई गलती हो रही हो, तो उसमें सुधार करने की जरूरत है। मध्य प्रदेश देश के राज्यों में सबसे शांत प्रदेश के रूप में जाना जाता है। मध्य प्रदेश में पर्याप्त लैंड बैंक है।

## पाकिस्तान और बांग्लादेश के बदलते संबंधों का भारत पर क्या असर पड़ेगा ?

**अशोक भाटिया**

1971 के बाद पहली बार पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सीधा व्यापार शुरू हुआ है। इस नए व्यापारिक संबंध के तहत, पहली बार पाकिस्तान का एक जहाज सरकारी माल लेकर बांग्लादेश के खेप पोर्ट कासिम से बांग्लादेश के लिए रवाना हुआ। फरवरी की शुरुआत में, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच एक समझौता हुआ, जिसके तहत बांग्लादेश ने ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ पाकिस्तान के माध्यम से 50 हजार टन पाकिस्तानी चावल खरीदने का निर्णय लिया।सूत्रो के मुताबिक पहली बार सरकारी माल ले जाने वाला पाकिस्तानी जहाज बांग्लादेशी बंदरगाह पर उतरेगा। इस चावल आयात को दो फेज में पहुंचाया जाएगा। पहली खेप में 25 हजार टन चावल भेजा जाएगा और दूसरी फेज में भी 25 हजार टन ही चावल भेजा जाएगा। इन दो खेप को मिलाकर कुल 50 हजार टन चावल ?का आयात किया जाएगा।वर्तमान में बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार सत्ता में है। यूनुस के सत्ता में आने के बाद से ही बांग्लादेश पाकिस्तान से नजदीकियां बढाए जा रहा है। दोनों देश न केवल व्यापारिक बल्कि सैन्य सहयोग भी बढ़ाने में जुटे हैं।इसी के मद्देनज़र विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश को लेकर शनिवार को एक इवेंट के दौरान एक बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को तय करना होगा कि वह भारत के साथ कैसा रिश्ता चाहते है? जयशंकर ने बांग्लादेश के हालिया रवैये को लेकर कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि एक तरफ आप कहें कि अच्छे संबंध चाहते हैं, दूसरी ओर हर बात के लिए हमें जिम्मेदार ठहराएं। उन्होंने कहा कि भारत ने साफ संदेश दिया है कि हम पड़ोसी से अच्छे संबंध चाहते हैं, लेकिन यह अप्रोच दोतरफा होनी चाहिए।दरअसल, युनुस प्रशासन के आने के बाद बांग्लादेश से भारत के संबंधों में तेजी से बदलाव आया है। शेख हसीना के प्रत्यर्पण से लेकर बॉर्डर पर फेंसिंग के मसले तक बांग्लादेश और भारत असहज डिप्लोमेसी में उलझे हैं। दिक्कत सिर्फ इतनी भर नहीं है। इसमें कोई शक नहीं कि अब पाकिस्तान धीरे-धीरे बांग्लादेश के करीब आने की कोशिश कर रहा है, जो कि उसकी दीर्घकालीन विदेश नीति से अलग पोजिशन है।भारतीय विदेश मंत्रालय ने भले ही यह कहा हो कि ऐसी गतिविधियों पर नजर बनी हुई है, लेकिन बांग्लादेश और पाकिस्तान जिस तेजी के साथ एक-दूसरे के साथ राजनयिक लेवल पर इंगेज हो रहे हैं, यह भारत के लिए नई सिरदर्दी साबित हो सकता है। पाकिस्तान के खुफिया विभाग आई एस आई के डायरेक्टर जनरल ऑफ एनालिसिस मेजर जनरल शाहिद आमिर अफसर की बांग्लादेश यात्रा या पाकिस्तान के एक्सरसाइज अमान में बांग्लादेशी नेवी वॉरशिप का शामिल होना, दोनों देशों के बीच काफी तेजी से बढ़ रही नजदीकी गतिविधियां दिखाता है।

पाकिस्तान और बांग्लादेश की नजदीकी से भारत के पूर्वोत्तर हिस्सों में चरमपंथी गतिविधियों को लेकर भारत के लिए सुरक्षा चिंताएं पैदा होना स्वाभाविक है। एक खतरा आतंकवाद को लेकर है, जिसकी ओर जयशंकर ने इशारा भी किया है।अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार राजीव डोगरा कहते हैं कि बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों को जिस तरह का प्रोत्साहन हाल के वक्त में दिखा है, अगर उसे रोका नहीं गया तो यह यहीं थमने वाला नहीं है। इन तत्वों का फैलाव पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, सीरिया, इराक तक भी पहुंच जाएगा। अगर इसी तरह चरमपंथियों को छूट मिलती रही तो इसका असर दूसरे देशों पर पड़ने का डर है।

पड़ोसी देश बांग्लादेश में मस्क के स्टारलिंक के आने की चर्चाए जोरों पर हैं। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार युनूस ने मस्क से इस सर्विस को जल्द लॉन्च करने की इच्छा जताई है। भारत में यह सेवा अभी शुरू नहीं हो पाई है, सरकार की ओर से कुछ दिन पहले कहा गया था कि कंपनी को पहले सुरक्षा संबंधित मानकों पर खरा उतरना होगा। ऐसे में अगर बांग्लादेश में यह सर्विस लॉन्च हो जाती है तो सुरक्षा संबंधित चिंताओं से बेफिक्र नहीं हुआ जा सकता है।गौरतलब है कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद नई दिल्ली और ढाका के बीच रिश्तों में खटास बढ़ती जा रही है। मोहम्मद यूनुस के आते ही हजारों हिंदुओं को हिंसा का सामना करना पड़ा, जिससे हालात और बिगड़ गए। अब बांग्लादेश उस देश से नजदीकी बढ़ा रहा है, जिसे भारत में दुश्मन की नजरों से देखा जाता है। हाल की घटनाओं से जाना जा सकता है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान धीरे-धीरे करीब आ रहे हैं। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के साथ सीधी फ्लाइट शुरू करने का फैसला किया है। पाकिस्तान में बांग्लादेश के उच्चायुक्त ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की।एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, मोहम्मद इकबाल हुसैन ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच गहरे और ऐतिहासिक संबंधों पर जोर दिया तथा यात्रा और संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम से पर्यटन, शिक्षा और व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा। हालांकि, सीधी उड़ानों के लिए कोई समयसीमा घोषित नहीं की गई। बांग्लादेश में, शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हाल में बांग्लादेश के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने पाकिस्तान का दौरा किया था और रक्षा क्षेत्र में सहयोग की संभावना तलाशने के लिए शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक की थी।पाकिस्तान-बांग्लादेश के बीच बढ़ती भागीदारी अब भारत के क्षेत्रीय प्रभाव के लिए एक चुनौती पेश करती है। आईएसआई प्रतिनिधिमंडल के ढाका पहुंचने से कुछ ही दिन पहले, सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कमरुल हसन के नेतृत्व में एक बांग्लादेशी सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने 13 से 18 जनवरी तक रावलपिंडी पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान का केंद्र का दौरा किया था। पाकिस्तान बांग्लादेश के साथ अपने बढ़ते संबंधों को क्षेत्र में एक रणनीतिक संतुलन के रूप में देखता है। जो भारत के निगाह से ठीक नहीं है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पहले ही पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं इससे पहले, पाकिस्तानी माल को श्रीलंका, सिंगापुर या मलेशिया में तीसरे पक्ष के बंदरगाहों के माध्यम से भेजा जाता था, जिससे रसद में देरी होती थी और लागत बढ़ जाती थी। सितंबर 2024 में एक और बड़ा कदम उठाया गया जब बांग्लादेश ने व्यापार दक्षता पर इसके नकारात्मक प्रभाव का हवाला देते हुए पाकिस्तान से आयातित वस्तुओं के 100 प्रतिशत अनिवार्य भौतिक निरीक्षण को समाप्त कर दिया। ये उपाय दोनों पक्षों की ओर से वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ाने के लिए एक मजबूत इरादे का संकेत देते हैं, जो परंपरागत रूप से मामूली रहे हैं। कूटनीतिक मोर्चे पर, दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच बातचीत अक्सर और उद्देश्यपूर्ण रही है।पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने दो उल्लेखनीय अवसरों पर मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की। पहली बार सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में और फिर दिसंबर में काहिरा में डी-8 शिखर सम्मेलन के दौरान। दोनों नेताओं ने आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और डेंगू संकट से निपटने के लिए रणनीतियों का विस्तार करने पर जोर दिया, जो दोनों देशों में एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता का विषय रहा है। यूनुस ने 1971 के युद्ध से उपजे लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों के समाधान पर भी जोर दिया, इस बात पर जोर देते हुए कि उन्हें ÷भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक बार और हमेशा के लिए÷ निपटाने की जरूरत है। जवाब में शहबाज शरीफ ने आश्वासन दिया कि पाकिस्तान इन ऐतिहासिक विवादों को सुलझाने के तरीके तलाशेगा। 1971 के क्रूर मुक्ति संग्राम के बाद से ऐतिहासिक रूप से अलग-थलग पड़े दोनों राष्ट्र - जिसमें पाकिस्तानी सेना पर लगभग तीन मिलियन लोगों के नरसंहार और 2,00,000 बंगाली महिलाओं का उल्लंघन करने का आरोप है। लेकिन अब वहां से मेल-मिलाप के संकेत मिल रहे हैं। भारत के नजरिए से, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच नई गर्मजोशी चिंता का विषय है। बता दें कि बांग्लादेश दक्षिण एशिया में अब तक भारत का सबसे करीबी सहयोगी रहा है, जिसके साथ गहरे आर्थिक संबंध हैं। इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और क्षेत्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से इसकी निकटता को देखते हुए, उग्रवाद को नियंत्रित करने में बांग्लादेश का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। 1990 और 2000 के दशक के दौरान, कई भारत विरोधी आतंकवादी समूहों को बांग्लादेश में पनाह मिली, उन्होंने हथियारों की तस्करी और विद्रोहियों की भर्ती के लिए इसकी 4,000 किलोमीटर लंबी सीमा का इस्तेमाल किया। शेख हसीना की सरकार ने इन तत्वों पर काफी नकेल कसी थी, जिससे भारत का विश्वास अर्जित हुआ और द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए। हसीना के नेतृत्व में, बांग्लादेश और भारत ने 2014 के समुद्री सीमा समझौते और 2015 के भूमि सीमा समझौते सहित प्रमुख विवादों को भी सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया। बांग्लादेश के अधिक स्वतंत्र विदेश नीति की ओर बढ़ने की संभावना - जिसमें पाकिस्तान के साथ संबंधों को फिर से प्रज्वलित करना शामिल है। अगले महीने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार की ढाका की अपेक्षित यात्रा है, जो कि 2012 के बाद पहली बार होने जा रही है। ये यात्रा भारत के लिए असहजता खड़ी कर सकती है। हालांकि, बदलते कूटनीतिक ज्वार के बावजूद, बांग्लादेश व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा सहयोग के लिए भारत पर बहुत अधिक निर्भर है।

अपनी वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक नाजुकता को देखते हुए, बांग्लादेश भारत को पूरी तरह से अलग-थलग करने का जोखिम नहीं उठाएगा। बांग्लादेश की नई सरकार का पाकिस्तान के प्रति पहले की तमाम सरकारों से बिल्कुल ही अलग दिख रहा है। यही वजह है कि दोनों देशों की सेनाएं लगातार एक दूसरे के साथ बैठक कर अपने संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं।

## पाकुड़ की खबरें


### भागवत कथा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**हिरणपुर (पाकुड़ )** प्रखंड के चौकीढाप गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा सह संगीतमय प्रवचन का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में कुंवारी कन्याओं, महिला-पुरूष एवं बच्चों ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा चौकीढाप से निकलकर तुरसाडीह होते हुए बरमसिया तालाब पहुंची। जहां मुख्य यजमान डॉक्टर साहा एवं उनकी धर्मपत्नी ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। जिसके बाद पुनः कलश यात्रा गांव पहुंचीं। इस दौरान जय श्री राम एवं राधे-राधे के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। जिसके बाद संध्या सात बजे से कथावाचिका अनन्या शर्मा श्रीमुख से लगातार साथ दिनों तक भगावत कथा का पाठ कराया जाएगा। मौके पर चिंताहरण महादेव भागवत समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहा, कोषाध्यक्ष प्रह्लाद साहा, रामधन साहा, नारद साहा, देवेंद्रनाथ साहा, उमाशंकर साहा, लालमोहन साहा आदि मौजूद रहें।

### धरनी पहाड़ को किया जाएगा विकसित



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। पर्यटन स्थल को विकसित करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं जिला पर्यटन पदाधिकारी ने धरनी पहाड़ का किया स्थल निरीक्षण । मालूम हो की पिछलों दिनों जिला पर्यटन संवर्धन परिषद, पाकुड़ की बैठक में हिरणपुर प्रखंड स्थित धरनी पहाड़ (पर्यटन विभाग द्वारा ÷सी÷ श्रेणी में अधिसूचित) का सौंदर्यीकरन, पेयजल, सोलर आधारित लाईट एवं अन्य पर्यटकीय सुविधा का विकास किए जाने को लेकर निर्णय किया गया था। उपायुक्त पाकुड़ के निर्देश के आलोक में कार्यकारी एजेंसी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता राहुल श्रीवास्तव एवं जिला पर्यटन पदाधिकारी राहुल कुमार के द्वारा धरनी पहाड़ का स्थल निरीक्षण किया गया एवं वहाँ किए जाने वाले कार्यो का आकलन किया गया। गौरतलब है की हाल ही में पर्यटको की सुविधा हेतु जिले के विभिन्न जगहों पर स्मार्ट साइनेज जिले के पर्यटन कार्यालय द्वारा लगवाया गया है। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता मंडल जी एवं अन्य मौजूद थे।

### सत्य सनातन संस्था ने ने बचाई छोटी नंदी की जान



पाकुड़ । सोमवार को सत्य सनातन संस्था के कोषाध्यक्ष एवं गौ सेवक दल के प्रमुख अमर ठाकुर ने पाकुड़ रेलवे फाटक के समीप एक छोटे नंदी जिसको किसी अनजान वाहन या किसी व्यक्ति द्वारा गंभीर चोट पहुंचा दिया गया था,को दोपहर 12 बजे देखा और उनकी व्यथा देख वो रह नहीं पाए। उन्होंने तुरत संस्था के अध्यक्ष रंजित कुमार चौबे से संपर्क किया, श्री चौबे ने बात को गंभीरता से लेते हुए तुरत जिला अध्यक्ष हर्ष भगत के साथ उक्त स्थान पहुंचे तो देखा कि नंदी को काफी गंभीर चोट लगा है एवं वो लहूलुहान है। उसका रेस्क्यू करने के लिए अध्यक्ष रंजित चौबे ने 1962 कॉल किया। सूचना प्राप्त के 15 मिनट के अंदर ही 1962 के टिम मौके पर पहुंचे और संस्था के सदस्यों के सहयोग से उक्त छोटे गंभीर रूप से घायल नंदी का रेस्क्यू किया गया। मौके पर संस्था के दीपक राज गुप्ता, धीरज राज गुप्ता ,अरुण सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### पांच ट्रैक्टर किया जब्त

महेशपुर (पाकुड़)÷ थाना क्षेत्र के मालधारा गांव के पास सोमवार शाम को सीओ संजय कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी विकर्ण कुमार ने संजुक्त रूप से छापेमारी कर बिना चालान के पांच ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। जब्त सभी ट्रैक्टर को थाना परिसर में रखा गया है। सीओ ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिना चालान के पांच ट्रैक्टर अवैध तरीके से बालू लेकर जा रहा था। चालान की मांग करने पर किसी के पास चालान नहीं था। इसके बाद सभी ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। जब्त ट्रैक्टर की सूचना जिला खनन विभाग को दी गई है।

### कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री किसान निधि कार्यक्रम आयोजित




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

महेशपुर (पाकुड़) ।कृषि विज्ञान केंद्र महेशपुर पाकुड़ में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त हस्तांतरित की गई। इस कार्यक्रम को भागलपुर, बिहार से लाइव प्रसारण के माध्यम से देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों में दिखाया जाना है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र महेशपुर, पाकुड़ में लाइव प्रसारण के माध्यम से किसानों को जागरूक भी किया गया, जिसमें 124 से अधिक किसानों ने भाग लिया और लाइव टेकीकास्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री जी का भाषण सुना। इसके साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा आयोजित कृषक-वैज्ञानिक गोष्ठी एवं प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम में किसानों को कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे खेती में जैविक एवं रासायनिक खादों का महत्व, मृदा परीक्षण, पशुओं में होने वाले प्रमुख रोग एवं उनकी रोकथाम के उपाय, अम्लीय मृदा का प्रबंधन, राइजोबियम कल्चर, एजोटोबैक्टर कल्चर, आधुनिक कृषि तकनीकों की उपयोगिता आदि पर सम्पूर्ण जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में किसानों की जागरूकता बढ़ाने के लिए के.वी.के. प्रकुड़ ने सब्जियों, किस्मों, औषधीय पौधों, अन्नाला कंचर, कृषि अभिमंत्रित, मृदा परीक्षण की आधुनिक तकनीक, केंचुआ संरक्षण, अम्लीय मृदा का चूना उपचार आदि कृषि तकनीकों के उन्नत प्रबंधन से किसानों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में महेशपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर यादव,जिला कृषि पदाधिकारी मृत्यंजय कुमार, राष्ट्रीय स्वध सुरक्षा मिशन पाकुड़ चित्तरंजन सिन्हा, कृषि विज्ञान केंद्र पाकुड़ के क्षेत्र वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय कुमार, वैज्ञानिक कृषि अभियंता सुरेंद्र सिंह मुंडा, संत माधापुर के सहायक कृषि प्रबंधक शांतनु कुमार शील, अभिजीत कुमार शीन, कृषि विज्ञान केंद्र की सहायक आलोका बाजे, राहुल भट्टाचामी एवं कोनेल हेंब्रम उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में दिकी कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से 5 किसानों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया तथा दैमारा के स्वयं सहायता समूह को भी उनके प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में आज माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद किसानों के खाते में सीधे 22 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए तथा इस सभा में किसान उपस्थित थे।

### संत पॉल विद्यालय में खिलाई गई डी. ई. सी. एवं अलबेडाजोल की खुराक



पाकुड़। भारत सरकार द्वारा फाइलेरिया रोग से बचाव एवं उन्मूलन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ताकि लोगों को फाइलेरिया होने से बचाया जा सके। इस हेतु 10 फरवरी से 25 फरवरी या फाइलेरिया उन्मूलन हेतु दवा खिलाई जा रही है, जिसके तहत प्रत्येक विद्यालय एवं घरों में फैलेरिया एवं कृमि से बचाव हेतु डी. ई. सी. एवं ऑलवेडाजोल की दवा निशुल्क खिलाई जा रही है। अभियान के तहत सोमवार को स्थानीय संत पॉल विद्यालय धनूषपूजा पाकुड़ में सभी बच्चों को बारी-बारी से कृमि एवं फाइलेरिया से बचाव हेतु एएनएम सबिना मरांडी एवं रूमी मंडल द्वारा दवा खिलाई गई। संत पॉल विद्यालय के निदेशक गाब्रियल मुर्मू ने बताया की फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो मच्छर के काटने से उसके संक्रमण द्वारा होता है। इससे इससे हाथ पांव में सूजन हो जाते हैं जिसे हाथी पांव भी कहते हैं। एक बार यदि फाइलेरिया हो जाए तो फिर उसका इलाज करना बहुत कठिन है। फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसकी पता चलने में लगभग 10 बरस बीत जाते हैं और तब तक इलाज करने में बहुत देर हो जाती है । इसके बचाव हेतु पहले ही दवा खा ली जाती है ताकि यदि मच्छर काट भी ले तो इसकी संक्रमण से शरीर को बचाया जा सकता है। यह दावा लोगों को प्रत्येक वर्ष साल में एक बार खानी चाहिए और फलेरिया होने से अपने आप को बचाना चाहिए। मौके पर प्राचार्या सुनिता हांसदा, उप प्राचार्या बिनीता हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

### आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत निकाली गई प्रभात फेरी




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में आज पाकुड़ प्रखंड के नबीनगर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में नब्बे दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी निकाल कर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पीएलवी चन्द्रशेखर घोष के द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम, डायन प्रथा पर विशेष रूप से जागरूकता फैलाई गई। लोगों को बताया गया कि निर्धारित उम्र सीमा से पहले बाल विवाह एक अपराध है ऐसे विवाह देश और समाज के विकास में बाधा उत्पन्न करते है बच्चों को शिक्षा, रोजगार, से वंचित होना पड़ता है साथ ही स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बाल श्रम, डायन प्रथा के नुकसानों पर वस्तृत जानकारी दी गई। वहीं अन्य प्रखंडों में पीएलवी मल्लिका सरकार, मोलिता कुमारी, जयंती कुमारी समेत अन्य ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली निशुल्क कानूनी सहायता व सरकारी योजनाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी लोगों को दी। नब्बे दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के उद्धेश्य के बारे में लोगों को बताया।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**महेशपुर (पाकुड़ )** प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर यादव की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स की बैठक आयोजित।यह बैठक प्रखंड कार्यालय कक्ष में हुई ।जिसमें फाइलेरिया उन्मूलन से संबंधित विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान बीते दिनों चलाए गए अभियान की समीक्षा की गई और आगामी कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभियान को सफल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी सुनील कुमार किस्कू एवं उनकी टीम उपस्थित रही। उन्होंने अभियान की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगे की रणनीति साझा की। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि अधिक से अधिक लोगों को फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति जागरूक किया जाए और दवा सेवन को बढ़ावा दिया जाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव-गांव तक दवा वितरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए और जागरूकता अभियान को तेज किया जाए ताकि फाइलेरिया मुक्त समाज की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मी और प्रशासनिक पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### फाइलेरिया की खिलाई गई दवा

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सोमवार को चिकित्सा प्रभारी डॉ मुकेश बेसरा के नेतृत्व में एक रैली निकाली गई। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से तिलका मांझी चौक तक किया गया। इस दौरान फाइलेरिया की गोली खाना है, हाथी पांव दूर भागाना है आदि का स्लोगन के साथ रैली निकालकर पूरा लिट्टीपाड़ा हटिया में लोगों को जागरूक किया। साथ ही हटिया में आने जाने वाले लोगों को हाथी पांव की मुक्ति हेतु फाइलेरिया की दवा का भी खिलाया गया। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि हाथी पांव रोग की ईलाज के लिए सुरक्षित और असरदार दवा है। इसका सेवन से हाथी पांव बीमारी से छुटकारा पाया जा सकता है। इसका सेवन से किसी भी प्रकार का साईड इफेक्ट नहीं है। मौके पर डॉ आनंद, ओमप्रकाश पांडे,प्रेम मरांडी सहित अन्य लोग शामिल थे।

### दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकुड़िया (पाकुड़ )** डुमरशाल में जूनियर किसान क्लब द्वारा भव्य दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला बिंदास बॉयज, दुमका और एफ.सी. चंपागढ़ के बीच खेला गया। रोमांचक मैच के दौरान दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में एफ.सी. चंपागढ़ ने विजयी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस टूर्नामेंट के साथ-साथ खेल और शारीरिक गतिविधियों से संबंधित अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और ग्रामीण क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष, पाकुड़ जुली हेंब्रम और झामुमो अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में जुली हेंब्रम ने कहा, फुटबॉल केवल एक खेल नहीं बल्कि अनुशासन टीम वर्क और संघर्ष का प्रतीक है। इस तरह के आयोजनों से युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। सरकार भी खेल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएँ चला रही है, जिसका लाभ युवाओं को उठाना चाहिए। मोतीलाल हांसदा ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और बड़े स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। हमें अपने ग्रामीण इलाकों में इस तरह के आयोजन को लगातार बढ़ावा देना चाहिए ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिले। इस टूर्नामेंट में मुख्य रूप से भुवेंद्र हांसदा, मंज़र आलम, माइकल टुडू, छोटू भगत, सुनील मुर्मू, मास्टर क्लब के अध्यक्ष बिर्नाल, सचिव जितमोहन राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल को आगे बढ़ाने के लिए समर्थन देने की बात कही। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को अपने हुनर को निखारने का मौका मिले।

### जल्द सभी समस्याओं का समाधान होगा : तनवीर



**पाकुड़।** सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भेंट मुलाकात किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं सार्वजनिक कार्य पीसीसी निर्माण डीप बोरिंग सह पाइपलाइन, बंद पड़े पुराने चापाकल को नियमित रूप से चालू करने आदि की जानकारी दी। तनवीर आलम ने हर एक समस्याओं पर विचार - विमर्श किया और बहुत जल्द सारे समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया ।मौके पर प्रदेश सचिव सेमिनुल इस्लाम ,प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, देबू विश्वास, पियारूल इस्लाम बरहरवा से अशोक दास,बंसराज गोप, कृष्णा यादव, रामबिलास महतो,बिलाल सेख, मिर्जाहान विश्वास, मुखिया मुजीबुर रहमान, समाद शेख, नसीम आलम, जलालुद्दीन शेख श,हनाज बेगम, बुजी सिंह, मनिका सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि : देवघर में अतिक्रमण हटाने का बड़ा अभियान, 47 दुकानें हटाई गईं

**संवाददाता**

**देवघर।** आगामी महाशिवरात्रि महोत्सव के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम द्वारा शिवबारात पथ को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त रोहित सिन्हा के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने के.के.एन. स्टेडियम से बाबा मंदिर के पूर्वी द्वार तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

**47 दुकानों के अवैध निर्माण हटाए गए**

नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से 47 दुकानों के आगे बढ़ाए गए छप्पर और अस्थायी निर्माण को हटाया, जिससे सड़क की चौड़ाई बढ़ गई और श्रद्धालुओं के आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही 27 गुमटी/अस्थायी दुकानों को भी पूरी तरह से हटा दिया गया, ताकि शिवबारात पथ को सुचारू रूप से चालू किया जा सके।



**दोबारा अतिक्रमण किया तो होगी कड़ी कार्रवाई : नगर आयुक्त**

नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि कोई दुकानदार फिर से अतिक्रमण करता है, तो न केवल उसका सामान जब्त कर लिया जाएगा, बल्कि नगर पालिका अधिनियम के तहत आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी दुकानों को नाली के पीछे रखें और सड़क को खाली रखें। उन्होंने सख्ती से कहा,नाली से आगे बढ़ी एक भी दुकान को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई न केवल महाशिवरात्रि महोत्सव की व्यवस्था के लिए आवश्यक है, बल्कि शहर की यातायात और सौंदर्यीकरण को भी बढ़ावा देगी। इस अतिक्रमण हटाओ अभियान में सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार, नगर प्रबंधक प्रकाश कुमार मिश्रा समेत नगर निगम की पूरी टीम मौजूद रही। नगर निगम ने यह भी सुनिश्चित किया कि हटाए गए अतिक्रमण वाले क्षेत्रों को फिर से कब्जे में न लिया जाए, इसके लिए नियमित निगरानी रखी जाएगी।

# सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस पर हमला करने वाला आरोपी गया जेल

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** जिले की कुंडा थाना पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और पुलिस पर हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुछताछ के बाद उसे सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जसीडीह थाना क्षेत्र के रतनपुर योगडीह निवासी फूलचंद राय के रूप में हुई है। वह कुंडा थाना कांड संख्या 20/2025 का नामजद आरोपी था।



गौरतलब है कि घटना 20 जनवरी 2025 की अहले सुबह की है, जब कुंडा थाना क्षेत्र के कानीजोर में अवैध बालू तस्करों के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर अचानक हमला कर दिया गया। हमले में कुंडा थाना प्रभारी सहित कई पुलिसकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए थे। इस दौरान तस्करों ने पुलिस की प्राइवेट बोलेरो गाड़ी के पिछले हिस्से के शीशे भी तोड़ दिए थे। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए कुंडा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसमें 25 नामजद और 20-25 अज्ञात व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया था।

**पुलिस तस्करों के खिलाफ कर रही सख्त कार्रवाई**

गिरफ्तारी के बाद पुलिस सूत्रों ने कहा कि अवैध बालू तस्करी और पुलिस पर हमले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस लगातार इस मामले में गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी कानून के दायरे में लाया जाएगा। इस घटना के बाद से क्षेत्र में अवैध बालू तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की निगरानी और सख्ती बढ़ा दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## होर्डिंग्स और विज्ञापन शुल्क वसूली के लिए बंदोबस्ती प्रक्रिया पूरी, 1.36 करोड़ की लगी बोली



**देवघर।** नगर निगम क्षेत्र में होर्डिंग्स, बैनर, दीवार लेखन और अन्य प्रचार-प्रसार के लिए शुल्क वसूली की बंदोबस्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। नगर आयुक्त सह प्रशासक की अध्यक्षता में 24 फरवरी को खुली नीलामी आयोजित की गई, जिसमें चार बोलीदाताओं ने भाग लिया। बोली की न्यूनतम राशि 85 लाख रुपये तय की गई थी। इस प्रक्रिया में एमएस सीता देवी, प्राइम एडकॉम, सौरव कुमार और आर.एस. एंटरप्राइजेज ने भाग लिया। अंततः प्राइम एडकॉम ने 1.36 करोड़ रुपये की उच्चतम बोली लगाकर बंदोबस्ती प्राप्त की। इस बंदोबस्ती की अवधि 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। यह शुल्क नगर निगम द्वारा स्वीकृत यूनिपोल, मनोपोल, गैंट्री गेट, होर्डिंग्स और बैनर को छोड़कर अन्य प्रचार माध्यमों से वसूला जाएगा। इस नीलामी प्रक्रिया के दौरान सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार, लेखा पदाधिकारी रौशनी टोप्पो, नगर मिशन प्रबंधक हिमांशु शेखर, रोकड़पाल अरुण धारी झा, टैक्स दरोगा जय शंकर साह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएवी स्कूल में मनी स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती



**देवघर।** गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, कास्टर टाउन में आर्य समाज के संस्थापक, महान समाज सुधारक और देशभक्त स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, शिक्षकगण एवं छात्रों ने स्वामी दयानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वैदिक हवन यज्ञ रहा, जिसमें प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती केवल आर्य समाज के संस्थापक ही नहीं, बल्कि वे एक महान चिंतक, समाज-सुधारक और राष्ट्रभक्त भी थे। उन्होंने जातिप्रथा, छुआछूत, अंधविश्वास, मूर्तिपूजा, बहुदेववाद, अवतारवाद, पशुबलि और झूठे कर्मकांडों के विरुद्ध संघर्ष किया तथा वेदों के ज्ञान को सर्वोपरि माना। स्वामी जी की महान कृति सत्यार्थ प्रकाश में उनके विचारों का संकलन मिलता है, जिससे प्रेरणा लेकर विद्यार्थी अपने जीवन को संवार सकते हैं। उन्होंने पुनः वेदों की ओर चलो का संदेश देकर वैदिक ज्ञान के प्रचार-प्रसार का कार्य किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्रों ने स्वामी दयानंद के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी अमित कुमार सिंह ने दी।

## सड़क हादसे में युवक घायल, चालक फरार

**देवघर।** जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के केनराटांड गांव निवासी सोनेलाल बास्की सड़क हादसे में घायल हो गए। बताया जा रहा है कि वह बाइक से कहीं जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जबकि स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश में जुट गई है और मामले की छानबीन कर रही है।

## महिलाओं को मिला जागरूकता एवं प्रशिक्षण



**मधुपुर।** मधुपुर नगर परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लगातार स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कू के निर्देशानुसार, आज कार्यालय सभागार में सैकड़ों महिलाओं के बीच एक विशेष प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में दीनदयाल जन आजीविका के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने महिलाओं से आग्रह किया कि स्वच्छता की शुरुआत हर घर से होनी चाहिए। कचरे का निवारण सही तरीके से किया जाए–सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रखें तथा सही निपटान करें।उन्होंने प्रेरित किया कि अगर हम सभी मिलकर प्रयास करें, तो मधुपुर नगर परिषद को एक स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण दिया जा सकता है। यह हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है। साथ ही, सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत, उपस्थित महिलाओं ने अपना फीडबैक भी साझा किया। इस बैठक में कार्यालय सहायक मिथुन रवानी, प्रभाकर कुमार, भूपेंद्र भगत, संजय, मनीष, अशफाक, नवाज, जयलाल, सीआरपी नीलम देवी, निखत परवीन, बसंती देवी, संगीता देवी, संगीता कुमारी सहित कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थि रहे।

## फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर बैठक



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी 2025 से 25 फरवरी 2025 तक चलने वाले एमडीए (सर्वजन दवा सेवन) अभियान की ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स बैठक अनुमंडलीय अस्पताल, मधुपुर में आयोजित की गई।बैठक में कार्यक्रम की सफलता और अधिकतम उपलब्धि सुनिश्चित करने के लिए अहम निर्णय लिए गए। शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों में शिक्षकों को छात्रों को फाइलेरिया रोधी दवा सेवन के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी। बाल विकास विभाग की सभी सेविकाओं को अनिवार्य रूप से एमडीए कार्य में शामिल रहने का निर्देश दिया गया। इस दौरान कोई भी छुट्टी मान्य नहीं होगी! कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 24 फरवरी 2025 तक 48,292 घरों का भ्रमण किया जा चुका है और बूथ दिवस एवं घर-घर जाकर 1,96,501 व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई है। शेष लोगों को भी जल्द से जल्द दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि मधुपुर को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके सभी कार्यकर्ताओं को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि दवा का सेवन लोगों के सामने ही कराना होगा।

# मानसिक तनाव में युवती ने खाया जहर, भर्ती

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जिले के सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र के नूतन ठाढ़ी गांव में एक युवती द्वारा जहर खाने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में स्वजनों ने पीड़िता चांदनी कुमारी को देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चांदनी कुमारी किसी व्यक्तिगत कारण से मानसिक तनाव में थी। इसी वजह से उसने आवेश में आकर घर में रखा जहर खा लिया। जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, तो परिवार वालों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है।



**पुलिस कर रही मामले की जांच**

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है और परिजनों से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद या अन्य किसी कारण के चलते आत्महत्या की कोशिश की आशंका जताई जा रही है।

# झामुमो ने लिया महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियों का जायजा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी देवघर महाशिवरात्रि महोत्सव के तैयारी का जायजा लेने के के एन स्टेडियम से महावीर मंदिर चौक होते हुए,राय कंपनी चौक टावर चौक होते हुए मुख्य मार्ग होकर शिक्षा सभा चौक होते हुए मंदिर तक व्यवस्था का जायजा लिया।जिसमें जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्था के तारीफ जितनी की जाए वह कम होगी क्योंकि हर वर्ष से ज्यादा तीर्थ यात्रियों और बरातियों की स्वागत के लिए सजावट की गई है।इसके लिए देवघर जिला प्रमुख संजय शर्मा जिला प्रशासन को धन्यवाद दिए। इस कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य सुरेश शाह अजय नारायण मिश्रा,सिंह के अलावे सरोज सिंह राजाराम रावत सूरज झा मनोज दास प्रदीप कुमार चौधरी मृत्युंजय रावत रोशन सिंह विपिन देव महादेव पासवान दीपक झा जोरदार सिंह राजाराम लड्डू नरोने नितिन रावत खगेश यादव सुनील चौरसिया एवं दर्जनों कार्यकर्ता पदाधिकारी साथ में थे।



# महिला सुरक्षा और समानता पर राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** चेतना विकास द्वारा विश्व युवक केन्द्र के सहयोग से राज्य स्तरीय कार्यक्रम ÷सुरक्षा संवाद÷ महिलाओं के लिए सुरक्षित और समान समाज की ओर÷ का आयोजन किया गया। इस संवाद का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, लैंगिक समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था, जिसमें पुरे झारखंड से सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षाविद, कानूनी विशेषज्ञ, किशोर-किशोरियों और युवाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कुमारी रंजना, देवघर बीस सूत्री के उपाध्यक्ष मून्नम संजय, लोकपाल कल्पना झा, कल्याणी मीणा एवं चेतना विकास सचिव कुमार रंजन के द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई।जहां जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कुमारी रंजना ने कहा कि साक्षरता और जागरूकता के बिना महिला सुरक्षा और समान समाज की परिकल्पना संभव नहीं है।चेतना विकास के सचिव कुमार रंजन ने कहा, ÷यह संवाद केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आंदोलन की शुरुआत है।जहां सभी हितधारक और किशोर-किशोरियों ने मिलकर एक ऐसा समाज बनाने की दिशा में संवाद करेंगे।मून्नम संजय ने कहा कि सामाजिक योजनाओं की जानकारी और जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।कल्पना झा ने कहा कि महिलाओं का स्वयं सशक्त होना सुरक्षा एवं समानता की पहचान है।



विभिन्न सत्रों से सुसज्जित यह कार्यक्रम महिला सुरक्षा और समानता की ओर अग्रसित एक रौशनी की तरह रहा।।। चेतना विकास की निर्देशिका रानी कुमारी ने लैंगिक समानता के सतत विकास लक्ष्य और महिलाओं पर हो रही हिंसा के विभिन्न रूपों तथा उससे संबंधित आंकड़ों पर सबका ध्यान आकर्षित किया। न्याय की चौखट सत्र के दौरान कानून विशेषज्ञ ने महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों पर जानकारी दी। वहीं विभिन्न विशेषज्ञों ने समानता एवं महिला सुरक्षा हेतू तकनीक की ताकत पर संवाद किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में चेतना विकास की कार्यकताओं ने अहम भूमिका निभाई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज।**
अति अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– पुनर्निविदा सूचना संख्या – **RDD/SD/SAHIBGANJ /13RE/2024-25**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं०/ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साहेबगंज जिला के पतना प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत शहरी में सुगनीवासा एवं बारूटोला के बीच करनी नाला पर पुल निर्माण। | 328.86000 लाख रूपये | 6,58,000/- रूपये | 10,000.00 रूपये | 18 माह |
| 2 | साहेबगंज जिला के राजमहल प्र.खण्ड के दरला पंचायत अंतर्गत डहरू कुमार जर्जर पुल के स्थल पर पुल निर्माण। | 476.99100 लाख रूपये | 9,54,000/- रूपये | 10,000.00 रूपये | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.02.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक 27.02.2025 से दिनांक 08.03.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, साहेबगंज।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 10.03.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431347401 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
साहेबगंज।

PR 347144 Rural Development (24-25)D



**कार्यालय, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, दुमका (झारखण्ड)**

प्रेस विज्ञप्ति

खाद्य कारोबारकर्त्ता के लिए आम सूचना

आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी खाद्य कारोबारियों (मिठाई विक्रेता रेस्टोरेन्ट/ढाबा/होटल संचाल, थोक विक्रेता, खुदरा एवं फुटकर विक्रेता, वितरक, फल/सब्जी विक्रेता, दवा विक्रेता, मीट/मुर्गा/मछली/अण्डा विक्रेता एवं फास्ट फूड(चाट, चोमीन, गोल गप्पा इत्यादि के ठेला/स्टॉल लगाने वाले स्थायी एवं अस्थायी विक्रेता इत्यादि को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बिन्दुओं का शत्–प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे :–

1. मिठाई बनाने वाले खाद्य कारोबारियों को सख्त निर्देश दिया जाता है कि मिठाईयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्शक बनाने एवं रखने के लिए आवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य/औद्योगिक रंगों जैसे–गोवर्धन, मधुसूदन, गाय छाप इत्यादि का उपयोग नहीं करेंगे। साथ ही FSSAI द्वारा अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का मिठाईयों में उपयोग तय मानक (100 ppm या 100mg/L) के अनुरूप ही करेंगे।
2. विभिन्न प्रकार के मिठाईयों में जैसे–खोवा/मावा/रसगुल्ला/छेना में आरारोट/आटा/मैदा/सूजी इत्यादि तथा काजु बर्फी में गुलकोज, आटा, मैदा एवं घी में रिफाईन/तेल इत्यादि का मिलावट नहीं करेंगे।
3. अपने–अपने खाद्य प्रतिश्ठानों का FSSAI License/Registration No का प्रमाण पत्र अपने खाद्य परिसर के प्रमुख स्थान पर दर्शाना सुनिश्चित करेंगे।
4. विभिन्न खाद्य पदार्थों का निर्माण करते समय सभी कर्मियों के द्वारा संबंधित मिठाई/रेस्तरां/होटल/ढाबा में हैण्डग्लब्ज, हेडकवर एवं मास्क आदि का उपयोग करवाना सुनिश्चत करेंगे। साथ ही खाद्य परिसर का FSSAI-Schedule IV के तहत् समुचित साफ–सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे।
5. यदि किसी कारणवश अभी तक FSSAI License/Registration No नहीं लिया है अथवा Renewal नहीं कराया है, तो 07(सात) दिनों के अन्दर www.foscos.fssai.gov.in पर Online जाकर वार्शिक कारोबार (जिसका सालाना टर्न ओवर 12 लाख तक –फूड रजिस्ट्रेशन एवं जिसका सालाना 12 लाख से अधिक का टर्नओवर –फूड लाईसेंस)_ हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए खाद्य सुरक्षा कार्यालय, दुमका में सम्पर्क करें।
6. ज्ञात हो कि बिना Valid FSSAI License/Registration के खाद्य कारोबार करने पर अधिकतम 10(दस) लाख रूपये तक का जुर्माना हो सकता है।
7. पैकेट बन्द खाद्य पदार्थ बिना Fssai License No, Manufacturing Date, Expiry Date, Batch No, Nutritional सूचना इत्यादि के क्रय–विक्रय करना FSS Act 2006 के तहत् दण्डनीय अपराध है।
8. सभी खाद्य कारोबारी खाद्य पदार्थों को केवल लाईसेंस प्राप्त या रजिस्टर्ड विक्रेताओं से ही खरीदने एवं बेचने के साथ ही इसका रिकोर्ड रखना सुनिश्चित करेंगे।
9. सभी खाद्य कारोबारी तले, भुने हुए गर्म खाद्य पदार्थो जैसे–समोसे, पकौड़े, जलेबी, कचोरी आदि को अखबार, प्रिन्टेड पेपर एवं प्लास्टिक/पॉलिथीन में ढक कर देना सख्त मना है। ऐसा करते हुए पाये जाने पर FSS Act 2006 के तहत् दण्डनात्मक कार्रवाई की जायेगी।
10. सभी होटल एवं रेस्टोरेन्ट के संचालकों द्वारा उनके यहाँ कायरत कर्मियों का नियमाकुल स्वास्थ्य जाँच कराना एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण–पत्र रखना आवश्यक है।
11. होटल, रेस्टोरेन्ट, मिठाई विक्रेता एवं अन्य फास्ट फूड दुकानदार विशेश रूप से दूध, पनीर, खोवा/मावा इत्यादि फूड लाईसेंसधारी वेंडर से ही लेंगे एवं उक्त वेंडर का फूड लाईसेंस व बिल दुकान में रखना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में अज्ञात स्त्रोत से प्राप्त सामग्रियों को जाँच कर, जप्त एवं नश्ट करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।
12. सभी स्ट्रीट फूड वेंडर (मेला क्षेत्र में लगने वाले अस्थाई स्ट्रीट वेंडर सहित) बिक्री किए जाने वाले खाद्य सामग्रियों को ठीक से ढक कर रखेंगे एवं वैद्य फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेकर ही कारोबार करेंगे।

उपरोक्त सभी दिशा–निर्देशों का अनुपालन नहीं करते हुए पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 की सुसंगत धाराओं के तहत् विधि–सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

Note:-साथ ही उपभोक्ताओं को भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी खाद्य कारोबारी के द्वारा मिलावटी, एक्सपायरी अथवा किसी प्रकार का अवमानक खाद्य सामग्री ब्रिकी किया जाता है, तो इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा कार्यालय, दुमका में अवश्य करें।

इसे अति आवश्यक समझा जाय।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,
दुमका

PR 347068 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**DRINKING WATER &SANITATION DIVISION NO.02, DUMKA**

Very Short Term e-procurement Notice

**Tender reference no.-DWSD/DUMKA-2/22/2024-25, (1st Call) DATED:-22.02.2025**

The undersigned,on behalf of the Government of Jharkhand,invites Percentage rate bids for the work mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved Contractors, registered with Drinking Water& Sanitation Department,Government of Jharkhand.The work of Supply of Spare Parts of Deep Well Hand Pumps India Mark-II as detailed is BOQ. The rate to be paid for the work as said above will be decided as per the lowest rate quoted in e-procurement. The relevant articles of PWD Code will be applicable. The rates will be applicable for years 2024-25. Thebid shallbe submitted onlinein the Website **http://jharkhand tenders.gov.in.** The bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl no | Name of the work | Name of Group | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Costof Tender Paper (Rs.) | Period Of Supply |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Supply of Spare parts of Deep Well Hand Pumps India Mark-II conforming to I.S:9301-1190 with latest amendment (may be read alongwith 1ST amendment IS:15500(Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares common to both India Mark-II & III respectively) under D.W.&S Division, No. 02, Dumka for the year 2024-25. | DMK2-SPARE PARTS | 4800000.00 | 96000.00 | 5000.00 | 8 days |
| 2 | Date & Time of Publication of Tender on Website. | 27.02.2025 at 02:00 PM | | | | |
| 3 | Last Date & Time for Receipt of Bid. | 05.03.2025 up to 05:00 PM | | | | |
| 4 | Cost of tender Paper and Earnest Money Depositon submission of bids(if applicable )as permentioned in Annexure-1vide letter No-120 dt03.10.2023by Secretary, Department of Information Technology and e-Governance Government of Jharkhand. | 05.03.2025 up to 05:00 PM | | | | |
| 5 | Date & Time of Opening of Tender | 06.03.2025 up to 05:00 PM | | | | |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | Drinking Water & Sanitation Division No. 02, Dumka | | | | |
| 7 | Contact No. of Procurement Office | 9431749737 | | | | |
| 8 | Helpline No. of e-procurement cell | 9431749737 | | | | |

Note:- • No claim shall be entertained because of disputation of internet service being used by the bidders. Bidders are advice to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
• Further details can be seen on website Http://jharkhandtenders.gov.in
• Estimated Cost may be increase or decrease.

(Ramesh Kumar Lohra)
Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation
Division No. 02, Dumka

PR 347051 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

# हिजला मेला खेलकूद महोत्सव में गोलाफेंक और भारोत्तोलन में मुकेश और रवि ने दिखाया दम

- 100और 400 मीटर दौड़ में प्रणव और अशोक ने सबको पछाड़ा
- लक्ष्मण और अशोक ने लगाई सबसे लंबी छलांग
- इनोश और अनुप्रिया का निशाना सबसे सटीक
- सपना, सुष्मिता और शीला ने जीती कुश्ती की बाजी
- घड़ा दौड़ में सुनीता ने लगाई सबसे तेज दौड़







**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला खेलकूद समिति के तत्वावधान में हिजला मेला परिसर में सोमवार को पुरुष एवं महिलाओं के लिए तीरंदाजी, ऐथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, खो खो एवं वॉलीबॉल सहित मटका फोड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में ग्रामीण परिवेश के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में इनोश मुर्मू, संजीव हांसदा तथा मुजाम सोरेन तथा लंबी कूद में लक्ष्मण हांसदा,राजीव बेसरा तथा दीपक टुडू जबकि पुरुष वर्ग के अन्तर्गत लंबी कूद में अशोक मुर्मू,रसीलाल सोरेन तथा प्रकाश हांसदा,100 मीटर दौड़ में प्रणव पाठक ,मानवेल मरांडी तथा अशोक मुर्मू,400 मीटर दौड़ में अशोक मुर्मू, राकेश मुर्मू तथा प्रणव पाठक,मटका फोड़ में शांतनु कुमार साह,टीमू बेसरा तथा अगस्टिन मुर्मू,भारोत्तोलन में रविस्टेफन मुर्मू,दुर्गा मरांडी तथा प्रकाश चालक गोला-फेंक में मुकेश कुमार,जान हांसदा तथा शशि मिश्रा,क्रमशः पहले,दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे।

महिलाओं के लिए आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में अनुप्रिया हांसदा, शिवानी टुडू तथा सबिना हेम्ब्रम,कुश्ती सबजूनियर वर्ग में सपना मरांडी, प्रेरणा मरांडी तथा सनोदी बेसरा, जूनियर वर्ग में सुष्मिता मुर्मू, टेरेसा हेम्ब्रम तथा पूजा टुडू, सीनियर वर्ग में शीला मुर्मू, सुष्मिता मुर्मू तथा तेरेसा हेम्ब्रम तथापंछी पहनी महिलाओं के घड़ा दौड़ में सुनीता हांसदा, बहामुनि हांसदा तथा सुशीला हेम्ब्रम क्रमशः पहले से तीसरे पर रहीं।

विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी दुमका कौशल कुमार तथा हिजला मेला खेलकूद समिति के सदस्यों ने नकद तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

आयोजन की सफलता में आयोजन समिति के अध्यक्ष तूफान कुमार पोद्दार, सहसंयोजक उमाशंकर चौबे, केएन सिंह, गोविंद प्रसाद,वरुण कुमार, अरविंद कुमार, मदन कुमार,अमरनाथ चौधरी, मुकेश कुमार, देवीधन टुडू, जयराम शर्मा, संदीप कुमार जय,संतोष गोस्वामी, विद्यापति झा,शिशिर कुमार घोष,हैदर हुसैन, डॉ रुपम कुमारी, वंशीधर पंडित, प्रदीप झा, ज्ञान प्रकाश,निर्मल हांसदा,विनय कुमार सिंह, अमित कुमार, रंजीत कुमार मिश्रा, देवीधन टुडू,सुशील हेम्ब्रम, सोनाधन हेम्ब्रम,रंजन मुर्मू, असीम हेम्ब्रम ,राजेश हेम्ब्रम, अग्नेश मुर्मू, ललित कुमार झा, मंतोष कुमार तिवारी, कुलदीप सिंह,दाउद अली,गौरव सिंह, अमित कुमार,इन्द्र जीत गुप्ता, शमशेर अंसारी,दिव्यवाणी राय,आशीष रंजन भारती,सुनेन्दु सरकार, विनीत कुमार सिंह,प्रिंसराज सिंह,फरीद खान,अंजू टुडू आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## झारखंड सेवा सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक विष्णु देव



**दुमका।** अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ ,झारखंड के 30वीं वर्षगाँठ के अवसर पर खूँटी बालिका विद्यालय के आडिटोरियम में झारखंड सांस्कृतिक महोत्सव 2025 में मध्य विद्यालय चिकनीया जामा, दुमका के शिक्षक बिष्णु देव महतो अलबेला को कला - संस्कृति के क्षेत्र में विशेष योगदान को लेकर महासंघ के अध्यक्ष तपन कुमार घोष एवं डॉ रमन के हाथों अंग वस्त्र,सम्मान पत्र एवं मोमेंटो देकर झारखंड सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में तीन प्रतिभाओं को बिरसा मुंडा ज्योति सम्मान 11 प्रतिभाओं को झारखंड सेवा सम्मान एवं 17 फिल्म कारों को झारखंड फिल्म आर्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम लगातार छ- घंटे तक चली। राज्य के हर जिले से आये चयनित कलाकारों ने हिंदी, नागपुरी, खोरठा भाषा में गाने गाकर दर्शकों के मन मोह लिया। जिसमें ÷अलबेला÷ जी ने छाप तिलक सब छीनी रे तथा प्यार बाँटते चलो जीत का कर दर्शकों को खूब झूमाया। विधायक राम सूर्या मुंडा, डॉ रमन, बैंक प्रबंध अनंत कुमार, वरिष्ठ वकील आशुतोष भगत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन चाँदनी कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन गणेश लोहरा के द्वारा किया गया। इस सम्मन के लिए अलबेला जी ने अपने माता-पिता , गुरुजनों, बड़े भाई बहनों के आशीष , मित्रों के मार्गदर्शन, मीडिया बंधुओं के सतत सहयोग के लिए विशेष आभार प्रकट किया है।

## खलियान में लगी आग, पुआल जलकर खाक



**हंसडीहा ।** हंसडीहा के हथगढ़ मोहल्ले में काली मंदिर के समीप सोमवार दोपहर में खलियान में रखे पुवाल आग लग गई. लोगों द्वारा आग की लपटें देखने के साथ हो हल्ला किया. इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने अगल बगल के घरों से मोटर पम्प की मदद से आग पर काबू पा लिया. वहीं आग लगने की घटना पर हंसडीहा थाना द्वारा अग्निशामक केन्द्र सूचित किया गया. अग्निशामक वाहन के पहुंचने तक आग बूझ चुकी थी. जानकारी के अनुसार आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया. जिसमें भागवत मांझी, स्व. अजबलाल मांझी, जगदीश मांझी का पुवाल जलकर नष्ट हो गया.

## स्टूडेंट प्रोफाइल अपडेशन का बीईईओ ने दिया निर्देश

**जामा ।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में स्टूडेंट प्रोफाइल अपडेशन कार्य अपूर्ण रहने पर जिला प्रशासन ने नाराजगी जताते हुए कार्य को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया है। जिसको लेकर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुधा कुमारी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अभी भी प्रखंड में बहुत सारे विद्यार्थियों का अपडेशन बाकी है। इस पर जिला द्वारा बहुत नाराजगी व्यक्त की जा रही है। इसलिए सभी सीआरपी को निर्देश जारी कर कहा गया है कि अपूर्ण विद्यालयों में अभियान मोड में अनुश्रवण करते हुए सभी छात्र छात्राओं का प्रोफाइल अपडेट करवाना सुनिश्चित करेंगे ताकि जामा प्रखंड को शत प्रतिशत पूर्ण वाली सूची में शामिल किया जा सके। इसे सभी संबंधित अध्यापक एवं संकुल स्तरीय कर्मी गंभीरता से लेते हुए अपडेशन कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत मटकरा गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जयपुर गांव निवासी नटवा मरांडी के रूप में की गई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि नटवा मरांडी रविवार की देर शाम बाजार से अपने घर लौट रहा था, इस दौरान वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची जरमुंडी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम कराया और पोस्टमार्टम के बाद मृतक की लाश घरवालों को सौंप दिया। इस दुर्घटना के बाद मृतक के स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## छात्र-छात्राओं को नहीं हो कोई परेशानी : बीडीओ

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड स्थित कन्या मध्य विद्यालय में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज आलम की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई। जिसमें मुख्य तौर पर शिकारीपाड़ा के अंचलाधिकारी कपिल देव ठाकुर,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एस्थर मुर्मू के अलावा प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षक मौजूद रहे। बैठक में मुख्य तौर पर विद्यालय में हो रही समस्याओं जैसे आधार कार्ड निर्माण, प्री मैट्रिक छात्र-छात्राओं के स्कॉलरशिप की अड़चने , साइकिल वितरण , स्टूडेंट के बैंक खाता खुलवाना पर चर्चा हुई। बीडीओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को यह निर्देश दिया कि विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को किसी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े यह आप सुनिश्चित करें।अगर किसी तरह का कोई दिक्कत है तो आप संबंधित विभाग या अधिकारी को ससमय सूचना दें ताकि सही वक्त पर उसका निवारण हो सके। बीडीओ ने हिदायत दी कि आप समस्या को लेकर चुपचाप बैठ के न रहे जिससे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से ये छात्र-छात्रा वंचित हो जाए।

# लावा कांसा की रस्म और संयत के साथ आज से शुरु होगा महाशिवरात्रि महोत्सव



**संवाददाता**

**जरमुंडी ।** बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी धाम में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर आगामी 26 फरवरी को धूमधाम से शिवविवाह का आयोजन किया गया है। महाशिवरात्रि को लेकर बाबा बासुकीनाथ मंदिर में बासुकीनाथ मंदिर प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। महाशिवरात्रि महोत्सव की शुरुआत आज 25 फरवरी मंगलवार को लावा कांसा की रस्म से होगी। 25 फरवरी मंगलवार को विदकरी के द्वारा बासुकीनाथ मंदिर में मिट्टी के चूल्हे पर लावा-कांसा भूंजकर शिवविवाह के लिए हरिद्रालेपन का उबटन तैयार किया जाता है। लावा कांसा की इस रस्म के दौरान पारंपरिक वेश में ढोल ढाक की मादक थाप पर नटुआ नृत्य करते हैं। ढोल की मधूर मादक थाप पर नृत्य करते नटुओं की पारंपरिक वेशभूषाओं में श्रद्धालु भी श्रद्धा भक्ति के आगोश में कदमताल करते रहते हैं। सामुहिक रूप से महिलाओं द्वारा विवाह के मांगलिक गीत गाए जाते हैं। आस्था और श्रद्धा की पराकाष्ठा यहीं सीमित नहीं रहती शिवविवाह के महोत्सव में भोलेनाथ और माता पार्वती के शुभपरिणय को को लेकर मंदिर परिसर में कई समूहों में जगह जगह एकत्रित होकर महिलाएं नृत्य करती हैं।इस मौके पर मंदिर प्रांगण में हजारों की संख्या में श्रद्धालु स्त्री पुरूष जुटते है। लावा कांसा की रस्म में मुख्य यजमान की उपस्थिति में विदकरी का परिवार हरिद्रालेपन के लिए जटामांसी, हल्दी,मेथी आदि विभिन्न औषधि को धीमी आंच पर भूनकर लावा कांसा तैयार करता है।इस दौरान मंदिर परिसर में मिट्टी के चूल्हे पर लावा कासा के लिए प्रज्जवलित सौभाग्य की अग्निशिखा में सिंदूर आदि को विदकरी से तपवाकर अमर सुहाग की कामना करती हैं। नियम निष्ठा से संयत का पालन करते हुए बाबा बासुकीनाथ व माता पार्वती को लावा कासा का हरिद्रालेपन किया जाता है।

### महाशिवरात्रि पर शिव विवाहोत्सव की मुख्य झलकियां

- 25 फरवरी मंगलवार को संयत, हरिद्रालेपन,अधिवास पूजन,सदाव्रत वितरण के साथ होगी त्रि-दवसीय कार्यक्रम की शुरुआत
- आगामी 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि पर गर्भगृह में विशेष पूजा के बाद पंचशूल, त्रिशूल और नूतन ध्वजदानपूर्वक, मंदिर के शीर्ष में पुनः स्थापन, ध्वजारोहण और दोनों मंदिरों का गठबंधन
- महाशिवरात्रि पर हजारों हजार की बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा मोरमुकुट के साथ ध्वजारोहण, गठबंधन
- महाशिवरात्रि पर रात्रि में भव्य शिवबारात का आयोजन, देर रात विधिविधान से शिवविवाह,श्रद्धालुओं का बासुकीनाथ मंदिर परिसर में शुद्ध घी के हजारों दीप प्रज्वलित कर रात्रिजागरण, भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण
- 27 फरवरी को मर्याद और घूंघट की रस्म होने के बाद मैया पार्वती को संग लेकर नगर परिक्रमा पर निकलेंगे महादेव
- बासुकीनाथ मंदिर में होगी कोहबर की रस्म,श्रद्धालु महिलाएं संपन्न करेंगी मांगलिक रस्में
- 25 फरवरी मंगलवार को आज संयत के साथ शिवविवाहोत्सव की शुरुआत होगी

## बासुकीनाथ में महाशिवरात्रि के भव्य आयोजन की तैयारी को लेकर डीडीसी ने की बैठक

**संवाददाता**



**दुमका।** महाशिवरात्रि को लेकर उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को बासुकीनाथ मंदिर परिसर स्थित सभागार में बैठक की गयी। बैठक में उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को निकाले जाने वाले शिव बारात को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाय। बारात निकलने वाले पथ को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त रखा जाय। उन्होंने सभी संबंधित विभाग को अपने कार्य को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया।

उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बासुकीनाथ पहुँचते हैं। श्रद्धालुओं को पूजा करने में कठिनाई नहीं हो,वे सुगमतापूर्वक पूजा अर्चना कर सकें इसे सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम जरूरी दवाई के साथ उपस्थित रहेंगे ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति में आसानी से निपटा जा सके। सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थान चिन्हित कर बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया गया।

## हैदराबाद में जरमुंडी के युवक की मौत

**संवाददाता**



**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना क्षेत्र के पहरीडीह पंचायत अंतर्गत बंदरफासा गांव से दो माह पहले मजदूरी करने हैदराबाद गया 28 वर्षीय मजदूर का शव एंबुलेंस से सोमवार को गांव पहुंचा। मृतक मजदूर का नाम जगदीश राय पिता पैंतर राय बताया जाता है। मृतक मजदूर जगदीश राय पिछले जनवरी माह के सप्ताहांत में 25-26 तारीख को गांव के अन्य मजदूरों के साथ हैदराबाद मजदूरी करने गया था। जगदीश राय के साथ गांव के कार्तिक मिर्धा व जगदीश मिर्धा और पहरीडीह पंचायत के अन्य ग्रामीण मजदूर मजदूरी करने साथ गए थे। सभी एक बिल्डिंग के कंस्ट्रक्शन साइट पर मजदूरी कर रहे थे। इसी बीच 21 फरवरी को मजदूरी करने के दौरान वह निर्माणाधीन बिल्डिंग के छत गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।आनन फानन में उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर साथ काम करनेवाले मजदूरों ने हादसे की सूचना बंदरफासा गांव में मजदूर जगदीश राय के परिजनों को दूरभाष पर दी।

## एसकेएमयू ने एमबीए विभाग के लिए दो गेस्ट फैकल्टी नयुक्ति के लिए जारी किया विज्ञापन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने एमबीए विभाग के लिए दो गेस्ट फैकल्टी की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया है। उक्त पद को विश्वविद्यालय द्वारा वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भरा जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार उक्त दोनों पदों के लिए साक्षात्कार 28 फरवरी को होगा। कुल 2 पदों में से एक पद सामान्य वर्ग के लिए तथा एक पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। साक्षात्कार में वैसे सभी छात्र सीधे भाग ले सकते हैं जिन्होंने एमबीए के साथ नेट या पीएचडी किया हो। अभ्यर्थी की उम्र विज्ञापन की तिथि से 55 वर्ष से कम होनी चाहिए। नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थी को अधिकतम तीस हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा, जिसके लिए उसे एक माह में 60 कक्षाएं लेनी होंगी। उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। ज्ञात हो कि इसमें भाग लेने के लिए अभ्यर्थी को कोई फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है। योग्य अभ्यर्थियों को अपने सभी दस्तावेजों के साथ सुबह 11 बजे विश्वविद्यालय के दिग्घी परिसर स्थित वीसी कांफ्रेंस हॉल में पहुंचना होगा। वहां उनका साक्षात्कार लिया जाएगा और शैक्षणिक योग्यता और साक्षात्कार के आधार पर उनका चयन किया जाएगा।

## बाइक चालक पेड़ से टकराया, घायल

**रानीश्वर ।** रघुनाथपुर-बारमसिया मुख्य पथ के रंगालिया के समीप सोमवार को एक बाइक चालक असंतुलित होकर पैड़ से टकरा जाने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दो युवक बजाज पल्सर एनएस 160, बाइक नम्बर जेएच 04 एसी 7112 में सवार होकर रघुनाथपुर की ओर जा रहा था। बाइक काफी तेज गति में था। बताया कि बाइक चालक का संतुलन बिगड़ गया एवं पथ के किनारे स्थित छतनी के पैड़ में जोरदार ठोकर मार दिया।

## कैमरे की नजर में हिजला मेला










स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686